कोटद्वार, बुधवार
19 जून 2024
वर्ष: 46
अंक: 57 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### महाराष्ट्र में फिर होगा खेला! अजित गुट के 19 विधायक एनसीपी के संपर्क में, शरद पवार के पोते का दावा

मुंबई ,महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर बड़ा खेल हो सकता है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता रोहित पवार ने दावा किया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ एनसीपी के 18 से 19 विधायक आगामी मानसून सत्र के बाद उनके पाले में आ जाएंगे। रोहित पवार ने कहा कि अजीत के गुट के कई विधायक हैं, जिन्होंने जुलाई 2023 में पार्टी में हुए विभाजन के बाद कभी भी पार्टी के संस्थापक शरद पवार और अन्य बड़े नेताओं के खिलाफ बुरा नहीं कहा है।

एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के पोते ने कहा कि अजीत पवार गुट के विधायकों को विधानसभा सत्र में भाग लेना है। अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए विकास निधि का पैसा लेना है। इसलिए वे सत्र समाप्त होने तक पाला बदलने के लिए इंतजार करेंगे। शरद पवार के पोते ने दावा किया कि 18 से 19 एनसीपी के विधायक हैं, जो हमारे और पवार साहब के संपर्क में हैं। अजीत गुट के ये सभी विधायक मानसून सत्र के बाद उनके साथ हो जाएंगे। अहमदनगर जिले के कर्जत–जामखेड से विधायक रोहित पवार ने आगे कहा कि शरद पवार और अन्य एनसीपी नेता इस बारे में फैसला लेंगे कि वे वापस पार्टी में किसे शामिल किया जाए? इसके साथ ही रोहित पवार ने बताया कि एनसीपी के राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कहा है कि जब अगला केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार होगा, तब वह मंत्री बनेंगे। इसका मतलब है कि अजित पवार की पार्टी पर प्रफुल्ल पटेल का पूरा नियंत्रण है।बता दें कि जब पार्टी बंटी नहीं थी तब एनसीपी ने 2019 के विधानसभा चुनावों में 54 सीटें जीती थीं। जुलाई 2023 में जब पार्टी विभाजित हुई, तो अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट ने लगभग 40 विधायकों के समर्थन का दावा किया था। महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र 27 जून से शुरू होकर 12 जुलाई को समाप्त होगा। अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह आखिरी सत्र होगा।

### अब शिवराज के विधानसभा क्षेत्र बुधनी पर सबकी नजर

भोपाल ,मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बुधनी विधानसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद अब हर किसी की नजर संभावित उम्मीदवार और आगामी उपचुनाव पर है।

राज्य में अभी हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। वह बुधनी से भी वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में विधायक के तौर पर निर्वाचित हुए थे। कोई भी व्यक्ति एक सदन का ही सदस्य रह सकता है। लिहाजा उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे के बाद उपचुनाव होना तय हो गया है। सवाल यही है कि उपचुनाव में भाजपा यहां से किसे अपना उम्मीदवार बनाती है। कई नेता इस सीट पर अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। बुधनी विधानसभा क्षेत्र विदिशा संसदीय क्षेत्र के तहत आता है और दोनों ही भाजपा के गढ़ माने जाते हैं।

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का वीडियो कॉल वायरल

जालंधर ,कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का वीडियो कॉल वायरल हो गया है। इसमें वह पाकिस्तान के कुख्यात माफिया डॉन शहजाद भट्टी से बात करता नजर आ रहा है। लॉरेंस भट्टी को ईद की बधाई दे रहा है। जिसके बाद माना जा रहा है कि यह वीडियो 16 जून का है।

हालांकि, इस बारे में अभी तक पुलिस की ओर से कोई औपचारिक बयान नहीं आया है। लॉरेंस फिलहाल गुजरात की जेल में बंद है। ऐसे में उसकी वीडियो कॉल से एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। लॉरेंस जिस कुख्यात माफिया डॉन शहजाद भट्टी से बात कर रहा है, उसका नाम पाकिस्तान में हत्या, भू–माफिया, हथियार तस्करी समेत कई संगीन मामलों में दर्ज है।

पुलिस के मुताबिक, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात की अहमदाबाद जेल में बंद है। वहीं से उसने पाकिस्तान के अंडरवर्ल्ड डॉन भट्टी से उक्त वीडियो कॉल की थी। पिछले साल सितंबर में लॉरेंस को गुजरात ले जाया गया था।

# देशभर में 41 हवाईअड्डों और कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

● सुरक्षाकर्मियों को किया गया अलर्ट

नई दिल्ली। देश के 41 हवाईअड्डों को मंगलवार को बम की धमकी वाले ईमेल मिले थे। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच के बाद उनमें से प्रत्येक को अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि धमकी भरा ई–मेल मंगलवार दोपहर करीब 12.40 बजे मिला, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों को सतर्क किया गया। इसके बाद सभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। ईमेल भेजने वाले ने कहा कि हवाई अड्डे पर बम लगाए गए हैं, और वे कभी भी फट सकते हैं। आप सभी मर जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि इन फर्जी धमकी भरे ईमेल के पीछे केएनआर नामक एक आनलाइन समूह का हाथ होने का संदेह है। उन्होंने बताया कि समूह ने एक मई को दिल्ली–एनसीआर के कई स्कूलों को इसी तरह के ईमेल जारी किए थे।

**हवाईअड्डों ने इस खतरे को अफवाह बताया**

सूत्रों ने कहा कि सभी हवाईअड्डों ने इस खतरे को अफवाह बताया और यात्रियों की गतिविधियों को निर्बाध रूप से जारी रखा गया। नागपुर हवाई अड्डे के अधिकारियों को बम की धमकी वाला ई–मेल मिलने के बाद वहां गहन सुरक्षा जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे मेल के मद्देनजर हवाई अड्डे की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) को नागपुर हवाई अड्डे पर बम की धमकी वाला एक ई–मेल मिला, जिसकी सूचना दोपहर करीब दो बजे नागपुर हवाई अड्डे के अधिकारियों को दी गयी।

**मुंबई के कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी**

मुंबई पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि मुंबई में जसलोक हॉस्पिटल, रहेजा हॉस्पिटल, सेवन हिल हॉस्पिटल, कोहिनूर हॉस्पिटल, केईएम हॉस्पिटल, जेजे हॉस्पिटल, सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल समेत 50 से ज्यादा अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

### दून से गुरुधामों के दर्शन को पाकिस्तान जाएंगे 72 तीर्थयात्री

देहरादून।देहरादून से 72 तीर्थयात्रियों का जत्था गुरुधामों के दर्शन के लिए पाकिस्तान जाएगा। देहरादून से आज बुधवार शाम यात्री अमृतसर के लिए रवाना होंगे। इस बार खास यह है कि जत्थे में सिख श्रद्धालुओं के साथ 12 हिंदू श्रद्धालु भी शामिल हैं। गुरुद्वारा दुख निवारण साहब नेहरू कॉलोनी देहरादून के महासचिव जत्थेदार सरदार रणजीत सिंह ने बताया कि बुधवार शाम सात बजे रेलवे स्टेशन से जत्था लाहौरी एक्सप्रेस से रवाना होगा। उन्होंने बताया कि 21 जून को दल अमृतसर से पाकिस्तान में प्रवेश करेगा। पाकिस्तान जाने के बाद वहां गुरुद्वारा पंजा साहब, गुरुद्वारा करतारपुर साहब, गुरुद्वारा डेरा साहब (लाहौर), गुरुद्वारा सच्चा सौदा, गुरुद्वारा रोड़ी साहब के दर्शन किए जाएंगे। सिंह ने बताया कि 30 जून को जत्था वापस अमृतसर आ जाएगा। एक जुलाई को लाहौरी एक्सप्रेस से वापस देहरादून पहुचेंगे। रणजीत सिंह ने बताया कि वो लगातार दो दशकों से यात्रा का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि संगत में शामिल सभी यात्री पहली बार पाकिस्तान जा रहे हैं।

# मलबे में दबने से सात यात्री घायल, हायर सेंटर रेफर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : बीती सोमवार देर सांय श्री केदारनाथ यात्रा पड़ाव मीठा पानी के समीप एक कच्ची दुकान (ढाबा) के अचानक टूटने से दुकान के अंदर बैठे सात यात्री मलबे में दबने के कारण घायल हो गये। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सभी घायल ग्वालियर मध्य प्रदेश और फरीदाबाद हरियाणा के है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री केदारनाथ धाम की यात्रा पर पहुंचे सोनीपत (हरियाणा) निवासी समीर द्वारा देर रात आपदा कंट्रोल प्रबंधन को सूचित किया गया कि श्री केदारनाथ यात्रा पड़ाव मीठा पानी के समीप एक कच्ची दुकान (ढाबा) अचानक टूट गया है। जिसकी सूचना मिलते ही डीडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची तथा दुकान के अंदर बैठे सभी घायल व्यक्तियो को

एमआरपी गौरीकुंड लाया गया। जहाँ डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल व्यक्तियों को टीम द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेंटर भेज दिया गया है।

उन्होंने बताया कि निकान्त यादव पुत्र शिव सिंह यादव, उम्र 14 वर्ष, निवासी ग्वालियर (मध्यप्रदेश, रीना यादव पत्नी शिव सिंह यादव, उम्र 36 वर्ष, रेखा यादव पत्नी प्रताप सिंह, उम्र 35 वर्ष, आराध्य यादव पुत्र प्रताप सिंह, उम्र -13 वर्ष, श्रेयांश पुत्र प्रताप सिंह, उम्र 13 वर्ष, कार्तिक यादव पुत्र शिव सिंह, उम्र 09 वर्ष, उज्ज्वल भाटिया पुत्र सुनील अनैजा, उम्र 23 वर्ष, निवासी फरीदाबाद हरियाणा घायल हो गये।

## अगर लापरवाही हुई है तो..

# नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त, एनटीए और केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट में कथित पेपर लीक और गड़बड़ी से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी और केंद्र को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि किसी की ओर से थोड़ी सी भी लापरवाही से पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। नीट मामले में अमूल्य विजय पिनापति और नितिन विजय की ओर से याचिका दायर की गई है। याचिकाओं में नीट के पेपर लीक होने की जांच करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 8 जुलाई को सुनवाई करेगा। वहीं, शीर्ष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और केंद्र से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है। नितिन विजय की ओर पेश वकील ने कहा कि ऐसे परीक्षा होगी तो कैसे डॉक्टर बनेंगे, भगवान ही मालिक है। इस पर एनटीए ने आपत्ति जताते हुए कहा हमें जवाब देने दीजिए। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि एनटीए अपनी गलती ग्रेस मार्क में मान चुका है। इस

बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एनटीए से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और केंद्र से जवाब देने का निर्देश दिया। उसने कहा कि हम याचिकाकर्ता के मुताबिक आज ही आदेश नहीं दे सकते। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एनटीए से कहा कि अगर किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई है, तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए।

### राहुल गांधी ने वायनाड को धोखा दिया, इसे अपने परिवार की संपत्ति बनाना चाहते हैं : भाजपा

तिरुवनंतपुरम , केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने मंगलवार को वायनाड सीट छोड़ने को लेकर राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वहां की जनता को धोखा दिया है।

वह वायनाड को अपने परिवार की संपत्ति बनाना चाहते हैं। राहुल गांधी ने घोषणा की कि वह वायनाड सीट छोड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को इस सीट से चुनाव लडने् का फैसला किया है। मुरलीधरन ने कहा, यह वायनाड के मतदाताओं के साथ सरासर धोखा है। निष्पक्ष रूप से कहें तो उन्हें प्रचार के दौरान ही वायनाड के लोगों को यह बता देना चाहिए था कि अगर वह जीतते हैं तो वह सीट छोड़ देंगे। लेकिन उन्होंने वायनाड में मतदान खत्म होने का इंतजार किया और जब मतदान खत्म हो गया तब रायबरेली सीट से चुनाव लडने् की घोषणा कर दी। यह धोखा नहीं तो और क्या है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से पीएम–किसान योजना की 17वीं किस्त जारी की

● पूरे भारत के 9.26 करोड़ से अधिक किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दिया

देहरादून। इसी क्रम में मंगलवार को नैनीताल क्लब सभागार से सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीएम किसान कार्यक्रम के अन्तर्गत किसान सम्मेलन और 17 वीं किस्त के हस्तांतरण अवसर पर वीसी के माध्यम से प्रतिभाग किया।

17वीं किस्त में राज्य के 771567 किसानों को 830414 किस्तों में रुपए 166.08 करोड़ की धनराशि उनके खाते में हस्तांतरित की जाएगी। जिसमें जिले अल्मोड़ा के 94122, बागेश्वर के 38132, चमोली के 45566, चंपावत के 34915, देहरादून के 40250, हरिद्वार के 96088, नैनीताल के 49059, पौड़ी

गढ़वाल के 59221, पिथौरागढ़ के 55575, रुद्रप्रयाग के 36891, टिहरी गढ़वाल के 102076, यूएस नगर के 72089 और उत्तरकाशी के 47583 के किसानों को इस योजना का लाभ मिलेगा। राज्य में वित्तीय वर्ष 2018–19 से 2023–24 तक कुल 2579.16 की धनराशि वितरीत की जा चुकी है। वर्तमान में प्रदेश में योजना के अंतर्गत किसानों की संख्या 9.13 लाख है, जिसमें राज्य के 771567 किसानों को रुपए 166.08 करोड़ की धनराशि उनके खाते में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर पीएम नरेंद्र मोदी का पहला निर्णय किसान के हितों के लिए किया गया। पीएम–किसान योजना से किसानों की आय दोगुनी, बेहतर सिंचाई योजना, नई तकनीक से छोटे–छोटे किसानों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मोटे अनाज का उत्पादन और खेती को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। और कृषि में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। कहा कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से किसानों को बेहतर लाभ मिल रहा है। जिससे कृषि के साथ लोगों को रोजगार आदि भी मिल रहा है। जिससे अब पर्वतीय इलाकों के लोगों को रोजगार के लिए शहरों में भटकना नहीं पड़ रहा है। और पलायन भी कम हो रहा है। बता दें केंद्र सरकार पीएम किसान योजना के तहत किसानों को साल में 6,000 रुपए प्रदान करती है, यह राशि साल में तीन किस्तों में 2,000 रुपए में प्रदान की जाती है।

# अवैध खनन पर सख्ती और वैध खनन से राजस्व बढ़ाने पर गंभीरता से सोचें विभागीय अफसर : मुख्य सचिव

### अवैध खनन पर रोक के लिए माइनिंग डिजिटल ट्रांसफार्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम पर सहमति

देहरादून। राज्य सरकार ने अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए माइनिंग डिजिटल ट्रांसफार्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम (एमडीटीएसएस) लागू करने को हरी झंडी दे दी है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में हुई बैठक में चार मैदानी जिलों के 40 स्थानों पर यह सिस्टम लागू करने पर सहमति दी गई। मुख्य सचिव रतूड़ी ने खनन विभाग के व्यय समिति की बैठक में कहा कि विभागीय अफसर अवैध खनन पर सख्ती और वैध खनन से राजस्व बढ़ाने पर गंभीरता से सोचें। कहा कि हरिद्वार, देहरादून, यूएसनगर और नैनीताल में जहां से खनन की निकासी

होती है वहां गेट पर एमडीटीएसएस व्यवस्था लागू की जाए। इन गेटों पर एएनपीआर व बुलेट कैमरा, आरएफआईडी राडार, एलईडी फलड लाइट जैसी अत्याधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। सबसे ज्यादा हरिद्वार में 13 स्थानों पर सर्विलांस सिस्टम रहेगा, जबकि नैनीताल में 10,यूएसनगर में नौ और देहरादून जिले में आठ स्थानों पर अवैध खनन के साथ ही नदियों में अत्याधिक खनन,ओवरलोडिंग, ट्रांजिट पास में दी गई डिलीवरी लोकेशन आदि के बारे में पता चल सकेगा। बैठक में सचिव बृजेश कुमार संत, अपर सचिव डा. अहमद इकबाल आदि मौजूद रहे।

### भाजपा को कड़ी टक्कर देने को एकजुट होंगे कांग्रेस के दिग्गज

देहरादून। उत्तराखंड में दो विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस को बड़ी उम्मीदें हैं। लोकसभा चुनाव में हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट पर कांग्रेस को मतदाताओं का जिस प्रकार भारी समर्थन मिला है, उससे पार्टी उत्साहित है। वहीं, बदरीनाथ विधानसभा सीट दोबारा पाने के लिए पार्टी नई व्यूह रचना तैयार कर रही है।

यहां भाजपा को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रदेश के दिग्गज कांग्रेस नेता क्षेत्र में डेरा डालेंगे और सत्ताधारी दल की कठिनाइयां बढ़ाने के लिए एकजुट होकर चुनाव प्रचार भी करेंगे। बदरीनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस का मुख्य मुकाबला सत्ताधारी दल भाजपा से है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में यह सीट कांग्रेस के खाते में आई थी। लोकसभा चुनाव के अवसर पर कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी भाजपा में सम्मिलित हो गए।

# हजारों की संख्या में चकराता पहुंचे पर्यटक

### टाइगर फाल रोड पर लगा भीषण जाम

चकराता। वीकेंड पर बढ़ी पर्यटकों की भीड़ ईद की छुट्टी के कारण सोमवार को भी कायम रही। पर्यटकों की भीड़ के कारण पर्यटक स्थल गुलजार रहे। गर्मी से निजात पाने को पर्यटकों ने टाइगर फाल में खूब मस्ती की। टाइगर फाल में पर्यटकों की काफी भीड़ उमड़ने के कारण जाम भी लगता रहा। हजारों की संख्या में पहुंचे पर्यटकों की वजह से चकराता छावनी बाजार, टाइगर फाल, देववन, मुंडाली, कोटी कनासर, मोइला टाप, चेरना आदि पर्यटक स्थलों पर रौनक रही। पर्यटकों की अधिक आमद से जगह–जगह जाम की स्थिति लगी होने से टाइगर फाल रोड पर लगे जाम से पर्यटक भी परेशान दिखाई दिए। सांझ ढलते ही पर्यटकों ने चकराता के सनराइज सनसेट प्वाइंट चिरमिरी पहुंचे और यादगार लम्हों को कैमरों में कैद

किया। पर्यटकों की अच्छी आमद होने से स्थानीय कारोबारियों के चेहरे खिले रहे। चकराता क्षेत्र के होटल, होमस्टे, गेस्ट हाउस, रिजार्ट आदि 90 प्रतिशत फुल रहे। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम पंवार, दिगंबर सिंह चौहान, राहुल चांदना, अशोक कुमार गोयल, अमित अरोड़ा आदि कहना है कि सैलानियों के आने से कारोबार को बल मिला है। लोकल राजमा, अखरोट, कुलथ की दाल, बुरांश, पुदीना, खुमानी के जूस की खूब बिक्री हुई।

# दिल्ली जल संकट : अब वीआईपी इलाकों में एक ही टाइम मिलेगा पानी

### वाटर सप्लाई को लेकर एनडीएमसी की एडवाइजरी

नई दिल्ली , पानी के संकट ने राजधानी दिल्ली में रहने वालों का जीना मुहाल कर दिया है। राजधानी में लगातार जल संकट गहराता जा रहा है। जल संकट की वजह से दिल्ली सरकार ने पानी की आपूर्ति में भी भारी कटौती कर दी है, जिसकी वजह से लोगों की समस्याएं और भी अधिक बढ़ती चली जा रही है। इसी बीच एनडीएमसी ने वीआईपी इलाकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है।

राजधानी के कई इलाकों में जितने टैंकर से पानी का सप्लाई हो रहा था उसको भी अब आधा कर दिया गया है। इसका कारण टैंकर की कमी बताई जा रही है, जिसके कारण वाटर सप्लाई में परेशानी आ रही है। इसी बीच अब,

लुटियंस जोन इलाके में भी पानी की कमी को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। एनडीएमसी ने वाटर सप्लाई को लेकर अब एक एडवाइजरी जारी की है, जिसके मुताबिक दिल्ली के वीआईपी इलाकों में भी अब एक टाइम ही पानी आएगा। एनडीएमसी इलाके में 40त्न पानी की कमी हो गई है। जानकारी के मुताबिक, जलबोर्ड से पूरा पानी नहीं मिल रहा है। दिल्ली में प्रति दिन 916 रूत्रष्ठ पानी का उत्पादन हो रहा है। दिल्ली को हरदिन तकरीबन 1000 रूत्रष्ठ पानी की जरूरत है। साथ ही इलाकों में भी पानी की किल्लत है, यहां भी सिर्फ एक बार पानी आता है।वहीं, चाणक्यपुरी इलाके के संजय कैंप में सुबह 6:00 बजे से लोग अपना सारा काम धाम छोडक़र पानी के लिए लाइन में लगते हैं और 8:00 बजे एक पानी का टैंकर आता है जिसके बाद पानी के लिए लोग टूट पड़ते हैं। ये लोग पानी के लिए एक–दूसरे से मारामारी करते हुए अपना–अपना पाइप टैंकर के अंदर डालने के लिए जूझते हैं और वह 5 मिनट में टैंकर खाली हो जाता है। इस दौरान किसी को पानी मिल पाता है तो किसी को निराशा हाथ लगती है।

### हमारी सकारात्मक राजनीति का परिणाम हमेशा ही सकारात्मक मिलेगा : तेजस्वी यादव

पटना ,बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहां रिक्त सरकारी पदों को भरने में मिशन मोड में काम करने का निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों को दिया है, वहीं विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को नौकरियों को लेकर पुरानी महागठबंधन की सरकार को ह्यक्रेडिटह्न देने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हमारी सकारात्मक राजनीति का परिणाम हमेशा ही सकारात्मक मिलेगा।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने ???? महीनों के अल्प कार्यकाल में ?? लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी। इसी दौरान तीन लाख सरकारी नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई जो चुनाव आचार संहिता के कारण कुछ महीनों से रुकी थी। महागठबंधन की सरकार जाने से पहले पूर्व निर्धारित तीसरे चरण में एक लाख शिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की वजह से वह रद्द हो गयी थी।

# मानसून से पहले सड़कों की नालियां दुरस्त करें :महाराज

देहरादून। लोनिवि व सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को यमुना कालोनी में आयोजित समीक्षा बैठक में अफसरों को मानसून से पहले सड़कों की नालियों को दुरस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि रोड व डैम सुरक्षा पर लोनिवि व सिंचाई विभाग संयुक्त रूप से सेमिनार भी आयोजित करें।

महाराज ने कहा कि मानसून सीजन में जहां जलभराव की स्थिति होती है, अफसर उन स्थानों का निरीक्षण कर समाधान निकालें, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। कहा कि भूस्खलन क्षेत्रों में मलबा हटाने के लिए पर्याप्त संख्या में जेसीबी का इंतजाम कर लिया जाए।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्यों के तहत दून के आराघर चौक मार्ग पर

34.80 करोड़, घंटाघर –दिल्ला राम चौक मार्ग पर 36.15 करोड़ और किशननगर से घंटाघर चौक मार्ग पर 38.79 करोड़ के कार्य पूरे किए जा चुके हैं। अफसरों ने बताया कि सड़क सुरक्षा के अंतर्गत 759.19 करोड़ के 273 कार्य स्वीकृत किए गए थे जिनमें से 72 कार्य पूरे हो चुके हैं जबकि 104 कार्य प्रगति पर हैं। केंद्रीय सरकार स्थापना निधि अंतर्गत 13 मार्गो के सुधारीकरण को 259.01 करोड़ की स्वीकृति हुई, जिनमें सभी कार्य प्रगति पर हैं।

## संपादकीय

# ब्याज का जानलेवा चक्रव्यूह

अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए लोग अक्सर बैंक या फिर निजी फाइनेंस कंपनियों का रास्ता देखते हैं। अक्सर तमाम औपचारिकताओं के कारण इन संस्थाओं से पैसा मिलने की संभावनाएं जब कम होती है तो लोग ऐसे लोगों के दरवाजे तक जाते हैं जो मोती ब्याज दर लेकर पैसा देते हैं। यहां पैसा तो आसानी से मिल जाता है लेकिन उसके बदले जो कागजात रखने पड़ते हैं वही बाद में मुसीबत बन जाते हैं। इसके अलावा एक बार जब पैसा लेने वाला ब्याजखोरों की गिरफ्त में चढ़ता है तो उसे बाहर निकालने के रास्ते भी बंद होते चले जाते हैं। निजी फाइनेंसर द्वारा ब्याज की दर न्यूनतम 10% से लेकर 25 से 30% तक पहुंचती है जिसके चक्रव्यूह से निकल पाना मुश्किल होता चला जाता है। ब्याज की ही रकम चुकाने के लिए दोबारा लोन लेना पड़ता है और फिर लोन का यह क्रम ब्याज के बोझ में दबता ही चला जाता है और मूल रकम जस की तस खड़ी है। ब्याज के पैसों को लेकर कई अपराधिक घटनाएं भी सामने आई है जिसमें हालिया मामला देहरादून में एक हत्या की घटना से भी जुड़ गया है। यहां ब्याज के पैसे के लेनदेन को लेकर एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया गया जबकि तीन लोग घायल हो गए। हत्यारा और उसकी टीम ब्याज के ही लेनदेन का काम करते हैं और अक्सर ब्याज ना देने की सूरत में अपनी हदों को भी पर कर जाते हैं। ऐसे भी कई मामले हैं जिनमें मूल रकम से कहीं गुना ज्यादा ब्याज चुकाया जा चुका है लेकिन आज भी मूल रकम पूर्व की स्थिति में ही बनी हुई है। ब्याजखोरों पर नियंत्रण रखने के लिए पैसे तो नियम कानून बनाए गए हैं लेकिन ब्याज खोरों ने इसका भी तोड़ निकाला है। यह लोग भले ही कागजों में लिखा पढ़ी के दौरान ब्याज की दर कम दर्शाते हो लेकिन मौखिक तौर पर ब्याज की दर जो वसूली जाती है वह कहीं अधिक होती है। सिर्फ उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में निजी ब्याज पर पैसे देने का बड़ा कारोबार चलता है और यह कारोबार इस लिए भी फल फूल रहा है क्योंकि यहां लोगों को कम औपचारिकताओं के साथ तुरंत पैसा प्राप्त होता है। हालांकि निजी स्तर पर पैसा देने वाले कुछ लोग आज भी आपसी संबंधों एवं समाज को ध्यान में रखते हुए निश्चित ब्याज दर पर पैसा देते हैं लेकिन बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जो ब्याज की रकम एक दिन भी विलंब होने पर हदों को पार करने से पीछे नहीं हटते। यहीं से अपराध की शुरुआत भी होती है जिसमें कुछ लोग या तो कर्ज के बोझ तले अपना जीवन समाप्त कर लेते हैं या फिर कुछ मारे जाते हैं। सरकारी एजेंसियों की भारी भरकम कागजों वाली औपचारिकता के कारण निजी ब्याज खोरों का धंधा उफान पर है और इन पर प्राय नियम कानून भी कार्य नहीं करते। पैसा वसूलने के लिए दबंग लोग रहते हैं जो हर हाल में पैसा वसूलने से पीछे नहीं हटते। ना चाहते हुए भी समाज का एक बड़ा वर्ग स्थानीय तौर पर पैसा देने वाले लोगों की शरण में जाता है और फिर ब्याज के चक्रव्यूह से निकलना आसान नहीं रहता। इसमें कोई शक नहीं है कि बेहद कम समय में आवश्यकता के अनुरूप तत्काल पैसा प्राप्त तो हो जाता है लेकिन पैसा लेने के साथ ही ब्याज का अंबार भी खड़ा होता चला जाता है। कोशिश यही करनी चाहिए कि ब्याज को लेकर की जाने वाली लिखा-पढ़ी पुख्ता तौर पर की जाए एवं जहां तक संभव हो, कम से कम समय में पैसा चुकाने की कोशिश की जाए। यदि कोई भी फाइनेंसर अवैध तरीके से पैसों के लिए दबाव डाल रहा हो तो इसकी शिकायत पुलिस से की जा सकती है।

# भारतीय राजनीति अस्थिरता अंतिम दौर में

**राकेश श्रीवास्तव**

वर्तमान चुनाव परिणामों से तथा मतदान में जनता की हिस्सेदारी के प्रतिशत से ऐसा संकेत मिलता है कि भारतीय राजनीति अस्थिरता के अंतिम दौर में प्रवेश कर चुकी है जिसका उदाहरण किसी एक दल को अपनी बदौलत बहुमत नहीं मिलना है।

सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा को भी अपने सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसा दौर और कितना लंबा चलेगा, कोई भविष्यवाणी फिलहाल संभव नहीं। परंतु यह निश्चित है कि यह सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि जनमानस इस अस्थिरता को समाप्त करने में किस हद तक सार्थक एवं कारगर भूमिका अदा करता है। वर्तमान चुनाव में मतदाताओं द्वारा ली गई हिस्सेदारी पूर्व में हुए अन्य चुनावों की अपेक्षा कम रही है, तथा चुनाव परिणामों से भी जनता ने अपने परिवर्तन के भूख को बनाए रखने का संकेत सा दिया है।

वैसे परिवर्तन की भूख भारतीय जनमानस में आजादी के बीस वर्ष बाद 1967 से ही प्रारंभ हो चुकी थी। गैर-कांग्रेसी सरकारों का गठन हुआ परंतु राजनीतिक दिशाविहीनता से परिवर्तन को सार्थक एवं गुणात्मक बदलाव में तब्दील नहीं जा सका। कारण था कि गैर-कांग्रेसी सरकारों का नेतृत्व निजी महत्त्वाकांक्षाओं को पूरा करने कांग्रेस छोड़ के आए लोगों के हाथ में होना। यहीं से प्रतिक्रियावादी ताकतों का उभार भारतीय राजनीति में हुआ जिसके चलते 1977 की लघु क्रांति छोड़ कर गैर-कांग्रेसवाद के पाये पर राजनीतिक दलों द्वारा अब तक अपने को टिकाए रखना है। गैर-कांग्रेसवाद वोटों का समीकरण बैठाने का एक नारा जैसा बन गया है, जिसके माध्यम से जल्दी से जल्दी ताकत बटोरने हेतु भारतीय राजनीति को जातीयता की संकीर्णता में लाकर खड़ा कर दिया गया है और जातीय समीकरण के चलते हिंसा राजनीति का हथियार बन गया। जैसे आज राजनीतिक दलों द्वारा भिन्न भिन्न नामों से हिंसक सेना (हिन्दू वाहिनी, आदम सेना, बजरंग दल तथा अन्य क्षेत्रीय सेनाएं) तैयार करना।

> आज राजनीतिक दलों द्वारा भिन्न भिन्न नामों से हिंसक सेना (हिन्दू वाहिनी, आदम सेना, बजरंग दल तथा अन्य क्षेत्रीय सेनाएं) तैयार करना। इस प्रवृत्ति को विनाथ प्रताप सिंह ने सामाजिक न्याय का नारा देकर जाने-अनजाने और मजबूत किया। मंडल के मुद्दों को लेकर वीपी सिंह राष्ट्रीय मोर्चे के सबसे बड़े घटक के रूप में ऐसे चक्रव्यूह में फंस गए थे जहां पिछड़ों, हरिजनों व मुसलमानों को न्याय दिलाने के नाम पर समाज को छोटे-छोटे दायरों में बांटने का प्रयास किया गया। ऊंची जातियों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़े, हरिजन और मुसलमान समुदाय का चुनावी समीकरण बनाने की सामाजिक न्याय के नाम पर कोशिश की जाने लगी है। चुनावी समीकरणों को राजनीतिक दल विचारधारा के रूप में जनता के सामने पेश करते चले आ रहे हैं, जिसकी शुरुआत कांग्रेस पार्टी में निजी महत्त्वाकांक्षाओं को संजोए लोगों द्वारा शुरू की गई थी। यही कांग्रेस संस्कृति है जो आजादी के बाद से भारतीय समाज को अस्थिर और हिंसक बनाए हुए है। कांग्रेस पार्टी के पास एक ही नारा है कि स्थिर सरकार मात्र वह ही दे सकती है, जबकि जनता 1967 से ही लगातार इस नारे के विरोध में मत देती रही है। 1991 के चुनाव में किसी को सरकार बनाने योग्य बहुमत न देना।

इस प्रवृत्ति को विनाथ प्रताप सिंह ने सामाजिक न्याय का नारा देकर जाने-अनजाने और मजबूत किया। मंडल के मुद्दों को लेकर वीपी सिंह राष्ट्रीय मोर्चे के सबसे बड़े घटक के रूप में ऐसे चक्रव्यूह में फंस गए थे जहां पिछड़ों, हरिजनों व मुसलमानों को न्याय दिलाने के नाम पर समाज को छोटे-छोटे दायरों में बांटने का प्रयास किया गया। ऊंची जातियों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़े, हरिजन और मुसलमान समुदाय का चुनावी समीकरण बनाने की सामाजिक न्याय के नाम पर कोशिश की जाने लगी है। चुनावी समीकरणों को राजनीतिक दल विचारधारा के रूप में जनता के सामने पेश करते चले आ रहे हैं, जिसकी शुरुआत कांग्रेस पार्टी में निजी महत्त्वाकांक्षाओं को संजोए लोगों द्वारा शुरू की गई थी। यही कांग्रेस संस्कृति है जो आजादी के बाद से भारतीय समाज को अस्थिर और हिंसक बनाए हुए है।

कांग्रेस पार्टी के पास एक ही नारा है कि स्थिर सरकार मात्र वह ही दे सकती है, जबकि जनता 1967 से ही लगातार इस नारे के विरोध में मत देती रही है। 1991 के चुनाव में किसी को सरकार बनाने योग्य बहुमत न देना।

1998 में भी जनता ने देश को स्थिर सरकार नहीं दी। और वह स्पष्ट जनादेश न मिलने के कारण वह सरकार केवल तेरह महीने की चल पाई। 1999 में भी जनादेश गठबंधन (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार का मिला। इसी प्रकार 2004 में भी किसी एक पार्टी को बहुमत नहीं मिला। लेकिन इस बार वामपंथी राजनीतिक दलों के समर्थन से यूपीए ने सरकार बनाई और इसने 2014 तक दो कार्यकालों के लिए भारत पर शासन किया।) 2014 के नतीजे जरूर अलग रहे। जनता ने स्थिर सरकार के लिए जनादेश दिया। जो भाजपा की अगुवाई में एनडीए के रूप में अगले दो कार्यकाल 2024 तक चली। 2024 में अचानक मोदी के इर्द-गिर्द बनी अजेय छवि खत्म हो गई। मतदाताओं ने यथास्थिति को लेकर असंतोष दिखाया। अब इस नई सरकार को सत्ता में आने के बाद पहली बार गठबंधन के पुराने सहयोगियों पर निर्भर रहना होगा।

दूसरी तरफ इस जनादेश से कांग्रेस नीत विपक्ष को भी नई ऊर्जा मिलेगी। इससे यह स्पष्ट होता है कि जनता का राजनीतिक दलों पर से विश्वास उठ गया है और उनके हर चुनावी नारे के विपरीत मतदान करती चली आ रही है। और अपनी परिवर्तन की भूख को बनाए हुए है। असल में आजादी के 77 साल बाद (इस अवस्था में आदमी पूर्ण वृद्धावस्था में हो जाता है) भी राजनीतिक प्रक्रिया का विकास नहीं हो पाया। किसी भी दल का अखिल भारतीय स्वरूप अब नहीं रहा। दल के स्थान पर नेताओं के गिरोह बन गए। जिसके कारण वैचारिक और सैद्धांतिक प्रतिबद्धता समाप्त हो गई है और उसका स्थान निजी महत्वाकांक्षाओं ने ले लिया है।

# भारत की विदेश नीति सदैव वैश्विक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर

**संजीव ठाकुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने के बाद पांचवीं बार जी-7 सेवन की महत्त्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए हैं।

निश्चित तौर पर यह बैठक वैश्विक परिदृश्य के लिए महत्त्वपूर्ण होगी। प्रधानमंत्री मोदी जी ने अभी तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मेंक्रो एवं इटली की राष्ट्र प्रमुख मेलोनी तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी से अलग-अलग मुद्दों पर द्विपक्षी बैठक संपन्न की है। इसके अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी मुलाकात संभावित है। जी-7 के सदस्य देशों ने चीन पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने की बैठक में पुरजोर कोशिश की गई है। इसके अलावा पुतिन पर यूक्रेन के साथ युद्ध विराम करने के लिए भरसक प्रयास किया गया। पर भारत और अन्य जी-7 के सदस्य देश ऑआर्टफशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर गंभीर मुद्दों पर नए पहलुओं पर विचार कर रहे हैं।भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहार्द का सर्वकालिक समर्थक रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं कि युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी हुए हैं। यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेंस्की अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक-दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े हैं। अब इस्त्रइल-हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है। दूसरी तरफ इस्त्रइल की बमबारी से घायल हुए फिलिस्तिनी नागरिकों के लिए सैकड़ो टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध रूस के साथ-साथ जी-7 के सदस्य देश अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली जापान, कनाडा और नाटो देशों से भी मधुर हैं। इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है।

अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया, 120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता जबकि भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत के लिए आगे बढक़र पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। अब तक भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आहूत शांति प्रयासों तथा शांति निर्वहन संक्रिया ओं का समर्थन कर रचनात्मक सहयोग हरसंभव किया है।

# पुलिस की इंट्री आश्चर्य

राजधानी दिल्ली में पानी संकट के बीच पुलिस की इंट्री आश्चर्य पैदा करती है। अब पानी को माफिया से बचाने के लिए पुलिस को ज्यादा चौकस रहना होगा। पानी माफियाओं के बढ़ते दखल के बाद अब कम-से-कम पुलिस को ज्यादा मेहनत करनी होगी।इस बाबत पुलिस फोर्स ने चौकियां स्थापित की हैं और दिल्ली को पानी की आपूर्ति करने वाली नहर के हरियाणा की सीमा पर 15 किलोमीटर के हिस्से पर गश्त शुरू कर दी है। दरअसल, राजधानी इस सीजन में पानी का अभूतपूर्व संकट झेल रहा है। गर्मी की शुरुआत से ही यहां पानी की भारी किल्लत होने लगी थी, मगर न तो दिल्ली की सरकार ने और न केंद्र सरकार ने इस ओर ध्यान दिया। जब तपिश अपने चरम पर पहुंची और जल के लिए त्राहिमाम हुआ तब इधर-उधर से पानी मांगे जाने का प्रपंच शुरू हुआ।

वैसे, यह सिर्फ इस सीजन की बात नहीं है। हर साल पानी को लेकर दिल्ली की दुरियां चरम पर रहती है। इस बार ज्यादा गर्मी की वजह से मामला चर्चा में आया। बहरहाल, भले टैंकर माफिया पर नकेल कसने के लिए पुलिस को जिम्मेदारी सौंपी गई हो, मगर जो हालात पानी को लेकर दिल्ली की दिखती है उसमें खाकी की भूमिका बहुत ज्यादा नहीं है। उसकी वजह बहुत साफ है। एक तो दिल्ली का अपना पानी का कोई सिस्टम नहीं है। पानी का ज्यादातर हिस्सा यमुना नदी का है। कुछ बोरवेल दिल्ली सरकार ने लगवाए हैं। मगर ये सब कार्य पानी की अभी की स्थिति के सामने बहुत छोटी है। यही वजह है कि पानी के लिए कभी हरियाणा तो कभी उत्तर प्रदेश तो कभी हिमाचल प्रदेश के आगे चिरौरी करनी पड़ती है। अगर दिल्ली को पानी के संकट से निजात पाना है तो उसे सबसे पहले पानी के पूर्व के स्त्रेतों पर काम करना होगा। इसके अलावा पानी माफिया पर कड़ा रुख दिखाना होगा। पानी की चोरी और उसके बेवजह बह कर बर्बाद होने पर भी नजर रखनी होगी। छोटे-छोटे प्रयास के दम पर ही हम दिल्ली को इस समस्या से उबार सकते हैं।अदालत की चौखट तक जाने से पहले हमें उन पारंपरिक जल स्त्रेतों पर गंभीरतापूर्वक काम करना होगा। हिमाचल या हरियाणा से पानी मंगाने का चलन अब बंद होना चाहिए। दिल्ली की जनता को भी इस मामले में ईमानदार और सजग रहने की जरूरत है क्योंकि अंततः भोगना उन्हीं को पड़ता है। दिल्ली में पानी की समस्या बड़ी तो है, मगर उतनी बड़ी नहीं कि उसका निदान न हो।

## अग्निवीरों के बेहतर भविष्य की बुनियाद हो

अग्निपथ योजना सशस्त्र बलों की तीन सेवाओं में सैनिकों की भर्ती के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई योजना है, जिसकी घोषणा जून 2022 में की गई। योजना के तहत भर्ती जवानों को अग्निवीर कहा जाता है।सरकार ने अब इस योजना की समीक्षा का कार्य दस अलग-अलग मंत्रालयों के सचिवों को सौंपा है। वे इस भर्ती को अधिक आकषर्क बनाने के सुझाव भी देंगे। इसकी कमियों को दूर भी किया जा सकता है। यह भर्ती चार साल के लिए होती है, जिसमें नियमित वेतन के अतिरिक्त चार साल पूरे होने के बाद अग्निवीरों को लगभग बारह लाख रुपए मिलते हैं। निश्चित संख्या में तकरीबन पच्चीस फीसद अग्निवीरों को स्थायी सेवा का अवसर भी मिलता है।माना जा रहा है कि अग्निवीर योजना के अंतर्गत वेतन भत्तों में बढ़ोतरी व अन्य लाभ का प्रस्ताव दिया जा सकता है। चूंकि यह योजना सरकार के प्रथम सौ दिन के एजेंडे में शामिल है इसलिए अधिकारी अपनी विस्तृत प्रस्तुति जल्दी ही प्रधानमंत्री कार्यालय को देंगे। आम चुनाव के दौरान इस योजना को विपक्ष द्वारा लगातार निशाने पर रखा गया था। वे अग्निवीर योजना को युवाओं के भविष्य के प्रति खिलवाड़ की तरह पेश कर रहे थे।साथ ही सत्ता में आने पर इसे समाप्त करने की भी बात की जा रही थी। यह मोदी सरकार की रोजगार योजना का अभिन्न हिस्सा है। हालांकि विशेषज्ञों व पूर्व सैनिकों की दलील है कि मात्र छह माह के प्रशिक्षण से सैनिक नहीं तैयार होता। दूसरे, पूर्व-अग्निवीरों को अर्ध-सैनिक बलों या पुलिस बलों जैसी सेवाओं में शामिल न किए जाने को लेकर सरकार की बहुत आलोचना हो रही है। इतना ही नहीं बल्कि इसे मायावी रोजगार कहा जा रहा है।इन्हें देश के सशस्त्र बलों में सेवा के लिए अयोग्य भी घोषित किए जाने को लेकर विवाद है। सेवा की इस अल्प अवधि यानी चार साल बाद ये युवा पुनः बेरोजगारों की श्रेणी में आ जाएंगे। ऐसे में इन्हें अप्रशिक्षित कामगारों के तौर पर काम के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। बाइस साल उम्र में जब ये युवा सेवा से बाहर होंगे तो नए सिरे से इन्हें काम की तलाश में भटकना पड़ सकता है। लाजमी है, सरकार ने इसी तरह की समस्याओं को सुलझाने के लिए समीक्षा व सुझाव की कोशिश की है। उम्मीद की जानी चाहिए, इसमें अग्निवीरों के बेहतर भविष्य की बुनियाद रखी जा सके।

## परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे

अग्निपथ योजना रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन पर बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए केंद्र ने शुरू किया था। ओआरओपी योजना लागू होने के बाद से पेंशन खर्च में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। इस समस्या का हल क्या है?मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को बेहतर बनाने के कई सुझाव सरकार को भेजे हैं। सूत्रों के हवाले से ये खबर उस समय आई है, जब केंद्र में नई सरकार के गठन के दौरान ऐसी चर्चा गर्म थी कि भाजपा के कुछ सहयोगी दल इस योजना की समीक्षा चाहते हैं। अब इस खबर के जरिए बताया गया है कि सेना ऐसी समीक्षा पहले ही कर चुकी है। सेना ने जो सुझाव दिए हैं, उनमें एक यह है कि चार साल की नौकरी के बाद सेना में नियमित रूप से भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों की संख्या 25 से बढ़ा कर 60-।0 प्रतिशत कर दी जाए। अग्निवीरों का कार्यकाल चार साल से बढ़ा कर ।-8 वर्ष करने का सुझाव भी सेना ने दिया है। साथ ही अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए न्यूनतम उम्र बढ़ा कर 23 साल करने और सेवा के दौरान घायल या जख्मी होने पर उन्हें दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि की सिफारिश की गई है।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की रौतू का राज की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, ट्रेलर भी आया सामने

अपनी बेमिसाल एक्टिंग के लिए फेमस नवाजुद्दीन सिद्दीकी सिल्वर स्क्रीन और ओटीटी, दोनों ही प्लेटफॉर्म्स पर अपना दमखम दिखा चुके हैं। सीरियस रोल करना हो या कॉमेडी, नवाजुद्दीन हर तरह के किरदार में खुद को ढालते हैं।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी को आखिरी बार फिल्म सैंधव में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। यह उनकी पहली तेलुगु फिल्म थी।अब नवाज फिल्म रौतू का राज में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान आनंद सुरापुर ने संभाली है।यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि जी 5 पर रिलीज होगी। अब निर्माताओं ने रौतू का राज की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।इसके साथ फिल्म का ट्रेलर भी सामने आ गया है।रौतू का राज का प्रीमियर

28 जून, 2024 से जी 5 पर होने जा रहा है। इस फिल्म का निर्माण उमेश बंसल और चिंटू श्रीवास्तव ने किया है। जी 5 ने लिखा, जितना अलग है रौतू की बेली का मिजाज, उतना ही अलग होगा इस हत्या की जांच का अंदाज़।रौतू का राज का ट्रेलर सस्पेंस और कॉमेडी से भरपूर है। पुलिस की वर्दी में नवाज खूब जंच रहे हैं।इस फिल्म में नवाज के किरदार का नाम एसएचओ दीपक नेगी है।रौतू के राज को लेजी मिस्ट्री थ्रिलर करार दिया गया है। ये फिल्म डराएगी, तो बैलेंस बनाने के लिए हंसाएगी भी। नवाजुद्दीन ने कहा कि शूटिंग के दौरान उन्होंने काफी मस्ती की। वहां दीवाली भी ऐसे सेलिब्रेट की जैसे सब एक परिवार की तरह हों। शूटिंग के 4-5 दिन बाद ही दीवाली थी और हमने अपनी मौज मस्ती से जंगल का माहौल खराब कर दिया।रौतू के राज को लेजी मिस्ट्री थ्रिलर करार दिया गया है। ये फिल्म डराएगी, तो बैलेंस बनाने के लिए हंसाएगी भी। नवाजुद्दीन ने कहा कि शूटिंग के दौरान उन्होंने काफी मस्ती की। वहां दीवाली भी ऐसे सेलिब्रेट की जैसे सब एक परिवार की तरह हों। शूटिंग के 4-5 दिन बाद ही दीवाली थी और हमने अपनी मौज मस्ती से जंगल का माहौल खराब कर दिया।

## अमेरिका ने किया कमाल, तो न्यूजीलैंड-पाकिस्तान ने किसी तरह बचाई लाज

नई दिल्ली। इस समय वेस्टइंडीज में टी20 वर्ल्ड कप खेला जा रहा है। ये टूर्नामेंट अब अपने अगले चरण में पहुंच चुका है।

सुपर-8 राउंड की शुरुआत आज से हो रही है। लेकिन इसी बीच दो टीमों ने अगले टी20 वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। अगला टी20 वर्ल्ड कप साल 2026 में खेला जाएगा। इसमें भी 20 टीमें हिस्सा लेंगी जिसकी कुल 12 टीमें फाइनल हो गई हैं।

मौजूदा वर्ल्ड कप में जैसे ही सुपर-8 की स्थिति क्लियर हुई उसी के साथ अगले टी20 वर्ल्ड कप का क्वालिफायर भी रैंकिंग के आधार पर तय हो गया। भारत और श्रीलंका इस वर्ल्ड कप की संयुक्त मेजबान हैं तो इन दोनों टीमों ने मेजबान होने के नाते क्वालिफाई कर लिया है। इसके अलावा सुपर-8 में जो टीमें हैं उन्होंने भी क्वालिफाई कर लिया है।

# अफगानी बल्लेबाज के कहर से लेकर सूर्यकुमार यादव के रौब तक, जमकर मचा धमाल

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का लीग चरण खत्म हो गया है। इस लीग चरण में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। कई छोटी और कमजोर समझी वाली टीमों ने बड़ी और मजबूत टीमों को मात दी। अमेरिका ने पाकिस्तान को हराया तो वहीं अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को पटखनी दी। अब जब सभी का ध्यान सुपर-8 पर है तो हम आपको इस टूर्नामेंट के लीग चरण की टॉप-5 पारियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

रहमानुल्लाह गुरबाज ने बरपाया कहर

अफगानिस्तान की टीम टी20 में काफी मजबूत मानी जाती है और इस टीम को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। ये बात इस वर्ल्ड कप में फिर साबित हुई। अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड जैसी टीम को मात दी। इस जीत में अहम रोल निभाया अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने। गुरबाज

ने 80 रनों की पारी खेल न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। गुरबाज ने 56 गेंदों पर पांच चौके और पांच छक्कों की मदद से ये पारी खेली थी।

# अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम टू द जंगल की रिलीज टली

अक्षय कुमार के प्रशंसक लंबे समय से उनके कॉमेडी अवतार में लौटने का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता ने अपनी मशहूर कॉमेडी फ्रैंचाइजी वेलकम की तीसरी किस्त वेलकम टू द जंगल का ऐलान कर उन्हें तोहफा दिया था।यह फिल्म इस साल 20 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब एक ऐसी चर्चा चल पड़ी है, जिसे सुनकर प्रशंसक मायूस हो सकते हैं।दरअसल, खबर है कि इस फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा लग रहा है कि बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक वेलकम की अगली किस्त के लिए प्रशंसकों को अभी और इंतजार करना होगा।सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिरोज नाडियाडवाला की फिल्म वेलकम टू द जंगल अपनी तय तारीख यानी 20 दिसंबर, 2024 को रिलीज नहीं होगी।फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है, जो फिल्म की रिलीज तारीख टलने का कारण है।

फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने बताया, वेलकम टू द जंगल को बड़े पैमाने पर बनाया गया है, जिसका पहला शेड्यूल हाल ही में मई में पूरा हुआ है। महाराष्ट्र में इसकी शूटिंग काफी लंबी चली, जिसमें पूरी स्टारकास्ट मौजूद थी। यह सिर्फ पहला शेड्यूल था। इसके अलावा, शूटिंग खत्म होने के बाद वीएफएक्स का काम होगा। यह सब देखते हुए 20 दिसंबर को फिल्म रिलीज होना असंभव लगता है।हालांकि, अभी रिलीज टलने का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है।

अगर इस खबर में जरा भी सच्चाई होती है तो इसका मतलब यह होगा कि वेलकम टू द जंगल का आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर से टकराव भी टल जाएगा। बता दें, आमिर की फिल्म इस साल क्रिसमस पर रिलीज होने वाली है।

अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म वेलकम टू द जंगल में अक्षय के अलावा संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, परेश रावल और अरशद वारसी जैसे अभिनेता नजर आएंगे।

## बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन चंदू चैंपियन की कमाई में उछाल

फिल्म चंदू चैंपियन टिकट खिडक़ी पर टिके रहने के लिए पूरा जोर लगा रही है। इस फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। किसी ने इसे सराहा है तो किसी को यह कुछ खास पसंद नहीं आई है।बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन ने फिल्म ने कुछ कमाल नहीं दिखाया और अब दूसरे दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं।उम्मीद से कम ओपनिंग लेने वाली कार्तिक आर्यन की इस फिल्म ने दूसरे दिन कितनी कमाई की, आइए जानते हैं।

सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 4.75 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था और दूसरे दिन इसने 6.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

# मैं तो ऐसा ही करूंगा', फैन से लड़ाई मामले में हारिस रऊफ ने पेश की सफाई

नई दिल्ली। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में हारिस रऊफ एक फैन से लड़ाई करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि उनकी पत्नी और कुछ अन्य लोग हारिस को रोक रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद हारिस की जमकर किरकिरी हुई थी और अब इस खिलाड़ी ने अफनी सफाई पेश की है।

वीडियो में हारिस अपनी पत्नी के साथ एक बंगले में जा रहे थे तभी एक फैन से उनकी बहस हो गई। वह उसे मारने के लिए आए। वहां मौजूदा कुछ लोगों ने हारिस को रोका। उनकी पत्नी भी उन्हें रोक रही थीं। वीडियो में साफ सुना जा सकता है कि फैन

कहा रहा है, "एक पिक्चर ही तो मांगी थी।" वहीं हारिस उस शख्स से कह रहे हैं, "ये तेरा इंडिया नहीं है।"

पेश की सफाई

मामला सोशल मीडिया पर काफी बढ़ गया। हर तरफ हारिस का वीडियो वायरल हो रहा है। ऐसे में हारिश ने अपनी सफाई पेश की है और कहा है कि अगर कोई घरवालों को लेकर कुछ कहेगा तो वह यही करेंगे जो किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "मैंने इसे सोशल मीडिया पर न लाने का फैसला किया था, लेकिन वीडियो अब सामने आ चुका है। मुझे लगता है कि इस स्थिति का सामना करना जरूरी है। एक पब्लिक फिगर के तौर पर, हम जनता से हर तरह के फीडबैक लेने को तैयार हैं। वह हमारा सर्मथन करने और आलोचना करने को लेकर स्वतंत्र हैं।" हारिस ने आगे लिखा, "लेकिन, जब बात मेरे परिवार और माता-पिता की आएगी, तो मैं वैसा करने में बिल्कुल नहीं घबराऊंगा जो मैंने किया। आप लोगों और उनके परिवार का सम्मान करें ये बेहद जरूरी है, चाहे किसी का पेशा कुछ भी हो।"

## एक नजर

### अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती दिखाएं निगम

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शहर की सड़कों पर लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने रोष व्यक्त किया है। उन्होंने पुलिस व निगम को गोखले मार्ग के साथ ही अन्य सड़कों के अतिक्रमण को जल्द हटवाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि शहर में अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंगलवार को विस अध्यक्ष ने पुलिस व निगम को पत्र भेजते हुए अतिक्रमण पर जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। जबकि, पुलिस व निगम लगातार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने की बात कह रहा है। गोखले मार्ग व स्टेशन रोड में सड़क पर सजी दुकानों के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। इससे पता चला है कि अधिकारी केवल हवा में अभियान चला रहे हैं। उन्होंने तीन दिन के भीतर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनवाने के निर्देश दिए।

### सिद्धबाबा पूजन महोत्सव 22 से

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पाठयूं में श्री सिद्धबाबा मंदिर समिति की ओर से 22 और 23 जून को सिद्धबाबा पूजन महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। महोत्सव के पहले दिन 22 जून को प्रातः पूजन के बाद बाबा की डोली को ग्राम भ्रमण कराया जायेगा। तत्पश्चात महिला मंगल दल कीर्तनों की प्रस्तुति देंगी। इसी दिन रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। 23 जून को यज्ञ और हवन के साथ महोत्सव का समापन होगा। यह जानकारी आयोजन समिति के रामदयाल भारद्वाज ने दी।

### एकेश्वर में पानी की किल्लत से लोग परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** एकेश्वर ब्लाक के मुख्य बाजार सहित आस-पास के गावों में पानी की किल्लत बनी हुई है। जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य बाजार को जलापूर्ति के लिए दो-दो योजनाएं संचालित की जा रही है, लेकिन इन दिनों दोनों पेयजल योजनाएं जलापूर्ति नहीं कर पा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश चंद जदली ने बताया कि जल निगम की पटोटी योजना का लाभ मुख्य बाजार को नहीं मिल पा रहा है। इसकी सप्लाई बाजार क्षेत्र से काटकर गावों को कर दी गई है। वहीं नौगढ़ योजना पर पानी की आपूर्ति बहुत ही कम है।

### नहीं थम रहा जंगलों में आग लगने का सिलसिला

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** मंडल मुख्यालय पौड़ी में जंगलों के धधकने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को ब्लाक, आरटीओ कार्यालय व ट्रेजरी कार्यालय से सटे सिविल जंगल में आग लग गई। मंगलवार की दोपहर को शहर के ब्लाक कार्यालय के पास जंगलों में अचानक आग लग गई। यहां पर ब्लाक कार्यालय के साथ ही ट्रेजरी व आरटीओ कार्यालय भी है। आग से उठने वाले धुएं और गर्मी के कारण इन विभागों के कर्मचारियों व लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### घायल गुलदार के नमूने जांच के लिए भेजे

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** बीते सोमवार को पौड़ी ब्लाक के बैंग्वाड़ी गांव में लोगों ने गुलदार को एक खंडहर में दुबकते हुए देखा। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार का रेस्क्यू कर उसे पौड़ी रेंज नागदेव ले आई। वन विभाग ने घायल गुलदार के खून और जख्मों के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिये है। डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्ध ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद पता चला कि वह सात साल का नर गुलदार है। उसके चारों पंजों में काफी जख्म बन हुए हैं। जो कि पुराने भी प्रतीत हो रहे हैं। साथ ही उसकी दाईं आंख के आसपास भी घाव दिखाई दिए। बताया कि गुलदार की सभी जरूरी जांच के लिए सैंपल भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली और राज्य के पशुलोक लैब में भेजे गए हैं।

### दुकान के गल्ले से तीस हजार चोरी

श्रीनगर गढ़वाल : व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने बताया कि श्रीकोट में हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले आशुतोष पोखरियाल की दुकान में दो लोग आए। उस समय अशुतोष दुकान में मौजूद नहीं थे। चोरों ने दुकान के गल्ले से 30 हजार की नकदी चोरी कर ली। दुकान स्वामी आशुतोष पोखरियाल ने श्रीकोट चौकी में तहरीर दी।

# दांव पर जिंदगी, खोह नदी में लग रही डुबकी

**● तीन माह में चार युवकों की डूबने से हो चुकी है मौत ● लगातार बढ़ रही गर्मी में खोह नदी में पहुंच रहे लोग**

कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर के समीप खोह नदी में डुबकी लगाने वालों को हिदायत देते पुलिस कर्मी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** पर्यटक अपनी जान की परवाह किए बिना खोह नदी में डुबकी लगा रहे हैं। जबकि, पूर्व में चार युवकों की नदी में डूबने से मौत भी हो चुकी है। हालांकि सिद्धबली के समीप पुलिस लगातार पर्यटकों को नदी में जाने से रोक रही है। लेकिन, अन्य स्थानों पर बेखौफ डुबकी लग रही है। यही नहीं जंगल से सटी खोह नदी में हाथियों का भी डर बना रहता है। दरअसल, भीषण गर्मी में हाथियों का झुंड जंगल से निकालकर पानी पीने के लिए खोह नदी में पहुंचता है।

कोटद्वार व आसपास के क्षेत्रों में गर्मी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा। तेज चिलचिलाती धूप के बीच बढ़ रही उमस ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। मंगलवार को कोटद्वार शहर का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेंटीग्रेड के आंकड़ें को छू रहा था। दोपहर के समय लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया। नतीजा, शहर की सड़कों पर बहुत कम भीड़ ही दिखाई दी। भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए कई लोग खोह नदी में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। बताना जरूरी है कि खोह नदी में पिछले तीन माह में चार युवकों की डूबने से मौत हो गई है। मंगलवार को श्री सिद्धबली मंदिर में भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु मंदिर दर्शन के बाद खोह नदी की ओर जाते हैं। ऐसे में मंगलवार को पुलिस व एसडीआरएफ की टीमें नदी में तैनात रहती हैं। लेकिन, अन्य दिनों में नदी की ओर जाने वाले युवाओं को रोकने के लिए कोई सुरक्षा कर्मी न होने के कारण हादसे की संभावनाएं बनी रहती हैं। हालांकि, पुलिस की ओर से नदी में जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# पानी को तरसे घड़ियाल वासी, हैंडपंप भी सूखे

दूर दराज क्षेत्र से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भीषण गर्मी के बीच मैदान के साथ ही पहाड़ों में भी पेयजल किल्लत होने लगी है। घड़ियाल बाजार व इसके आसपास के क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पानी नहीं आ रहा। विकल्प के तौर पर बने हैंडपंप भी सूख गए हैं।

बीते पांच दिन से घड़ियाल बाजार व आसपास के क्षेत्र में पानी की बूंद तक नहीं आ रही है। असगढ़-घड़ियाल-गड़कोट जल संस्थान की योजना का पानी पूरी तरह बंद हो चुका है। नतीजा ग्रामीणों को पानी के लिए आसपास के जंगलों में प्राकृतिक स्रोतों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

ऐसे में उनका पूरा दिन केवल पानी की तलाश में ही बीत रहा है। सबसे अधिक परेशानी गांव में अकेले रहने वाले बुजुर्गों को हो रही है। जिला पंचासत सदस्य संजय डबराल व क्षेत्रपंचायत सदस्य दीपक रावत ने विभाग से व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग की। उन्होंने अधिशासी अभियंता एसके राय से वार्ता करते हुए क्षेत्र में पेयजल टैंक भिजवाने की मांग की है।

# जमीनी स्तर पर फैलाएं सिकल सेल जागरूकता का संदेश

### कल पीएचसी ऊखीमठ में सिकल सेल शिविर का आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** सिकल सेल उन्मूलन अभियान के क्रम में जनपद के जनजाति बाहुल्य विकासखंड ऊखीमठ के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ में 19 जून को सिकल सेल जागरूकता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के जनजाति बाहुल्य गांव पठाली, डुंगर, सेमला, कैंथा के ग्रामीणजनों, ग्राम प्रधानों द्वारा शिरकत की जाएगी। इसके अलावा जनपद की समस्त चिकित्सा इकाईयों में सिकल सेल जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनमानस से सिकल सेल जागरूकता के संदेश को जमीनी स्तर पर विस्तारित करने का आह्वान किया है।जिलाधिकारी ने कहा कि सिकल सेल लाल रक्त कोशिकाओं के विरूपण से होने वाला एक रोग है। बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2047 से पहले सिकल सेल रोग उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत सिकल सेल रोगियों के उपचार देखभाल में सुधार करना, स्क्रीनिंग तथा जागरूकता की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

बताया कि जनजाति आबादी में इस बीमारी के होने की आशंका अधिक रहती है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल रोग उन्मूलन मिशन के अंतर्गत गत वर्ष से जनजाति आबादी में शून्य से चालीस आयु वर्ग की स्क्रीनिंग की जा रही है। जिसके अंतर्गत जनपद में कुल 20 लोग हैं, जिसकी जांच की गई व जांच में सभी स्वस्थ पाए गए।

### केदारनाथ हादसे के दो घायल एम्स रेफर

श्रीनगर गढ़वाल : केदारनाथ पैदल मार्ग पर मीठा पानी के पास दुकान ढहने से हुए हादसे में घायल 6 यात्रियों को देर रात बेस अस्पताल लाया गया। दो गंभीर घायल में एक को एयरलिफ्ट और दूसरे को एम्बुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया। एक घायल का इलाज बेस अस्पताल में चल रहा है। बाकी को हल्की चोटें थी, जिन्हें डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया है। बेस अस्पताल में भर्ती फरीदाबाद निवासी 23 साल के उज्जवल अनेजा ने बताया कि फरीदाबाद से केदारनाथ की यात्रा पर छः दोस्तों के साथ आए थे। केदारनाथ की यात्रा कर वापस लौट रहे थे। उनके बाकी के चार दोस्त आगे निकल चुके थे और वे और उनका एक और दोस्त पारस भाटिया मीठा पानी के पास एक दुकान पर चाय पीने के लिए रूके। (एजेंसी)

# सूरज उगल रहा आग, 45 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा

### कोटद्वार शहर में लगातार बढ़ रहा गर्मी का प्रकोप

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोटद्वार में गर्मी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार को शहर का पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। भीषण गर्मी के कारण आमजन का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया। यही कारण था कि दोपहर के समय शहर की सड़कें सूनी-सूनी नजर आ रही थी।

पिछले कुछ सप्ताह से सूरज के तेवर नरम होने का नाम नहीं ले रहे। सुबह से ही पड़ रही तेज धूप आमजन को झुलसा रही है।

दोपहर के समय चल रही तेज लू और मुसीबत बढ़ा रही है। ऐसे में हीट स्ट्रोक का भी खतरा बना हुआ है। भीषण गर्मी से बचाव के लिए राहगीर आईसक्रीम व जूस का सहारा ले रहे हैं। शहरवासी भी शाम को सूरज ढलने के बाद ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। वहीं, गर्मी के मौसम में हो रही विद्युत कटौती ने भी आमजन की समस्या बढ़ा दी है। शनिवार रात शहर के कई स्थानों पर आधे-आधे घंटे के लिए विद्युत कटौती होती रही। ऐसे में शहरवासियों की रात की नींद भी उड़ गई थी।

कोटद्वार में दोपहर के समीप भीषण गर्मी के दौरान सूनी पड़ी सड़क

### धूप में हो रहा वाहनों का इंतजार

भीषण गर्मी में कोटद्वार बस अड्डे में यात्रियों के लिए यात्री स्टेंड तक की व्यवस्था नहीं की गई है। नतीजा वाहनों के इंतजार में यात्री चिलचिलाती धूप में खड़े रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं। बाजार चौकी के समीप बने बस स्टेंड पर भी रेहड़ी-ठेली वाले आपना कब्जा जमाकर बैठे हुए हैं। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी छोड़े बच्चों के साथ सफर करने वालों को हो रही है।

# निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाया शर्बत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : निर्जला एकादशी पर मंगलवार को श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से कुष्ठ आश्रम में फल और राशन भेंट किया गया। गोशाला में गोवंश को फल खिलाए गए। झंडाचौक में राहगीरों को ठंडा पानी वितरित किया गया। वहीं, नगर निगम की ओर से भी राहगीरों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई।

समिति संरक्षक रतन अग्रवाल ने कहा कि समिति समय-समय पर धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भूमिका निभाती है।

इस दौरान संजीव गोयल, सुभाष गोयल, रामानंद, नीरज गुप्ता, मनमोहन, नवीन गुप्ता, राजीव अग्रवाल, अनूप बंसल, राम अवतार आदि मौजूद रहे। नगर-निगम कोटद्वार के नगर आयुक्त वैभव गुप्ता और सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में पहली बार निगम कर्मचारियों ने निर्जला एकादशी पर मालवीय उद्यान के निकट राहगीरों को शर्बत वितरण किया गया। नगर में पड़ रही भीषण गर्मी में कोटद्वार नगर निगम द्वारा राहगीरों को शर्बत वितरण का यह कार्यक्रम पहली बार किया गया है। शर्बत वितरण कार्यक्रम में नगर निगम के नगर आयुक्त वैभव गुप्ता व सहायक नगर आयुक्त चन्द्र शेखर शर्मा के साथ ही निगम के सभी कर्मचारियों ने अपनी भागीदारी निभाई। वहीं, शहर के अन्य स्थानों में लाल बत्ती चौक पर उद्योग व्यापार मंडल, वैश्य अग्रवाल समाज, मालगोदाम रोड पर दुर्गा भगवती मंदिर समेत अन्य कई लोगों तथा संगठनों ने निर्जला एकादशी पर जगह-जगह शरबत वितरण किया गया।

निर्जला एकादशी पर शर्बत वितरित करते नगर आयुक्त व अन्य कर्मचारी

### भीषण गर्मी का असर सूखा प्राचीन प्राकृतिक जल स्रोत

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर-बुघाणी-खिर्सू लिंक मोटरमार्ग पर कोटचुला के पास प्राचीन प्राकृतिक जल स्रोत सूख चुका है। इस जल स्रोत से राहगीरों के साथ-साथ आस-पास के लोग अपनी प्यास बुझाया करते थे। गर्मियों में सांय के समय खिर्सू-श्रीनगर लिंक मोटरमार्ग पर लोग टहलने के लिए जाते है, ऐसे में थके हुए लोगों के लिए यह प्राकृतिक जल स्रोत प्यास बुझाता था, लेकिन बढ़ती गर्मी के साथ वह पूर्ण रूप से सुख गया है।सामाजिक कार्यकर्ता सीता राम बहुगुणा ने बताया कि वर्ष 1906 से भी पुराना यह धारा बिना रख-रखाव के कारण और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में हो रही भारी भरकम ब्लास्टिंग के कारण सूख गया है। बताया कि इस धारे से श्रीनगर-खिर्सू रोड़ पर घूमने आने वाले लोग इसका प्रयोग करते थे। लेकिन इस वर्ष अधिक गर्मी पड़ने के कारण यह प्राकृतिक जल स्रोत धीरे-धीरे सुख गया।

# दो साल में हुई जांच, 156 कर्मचारियों में से मात्र 12 की गई नौकरी

देहरादून : जिला सहकारी बैंक भर्ती गड़बड़ी मामले में सवा दो साल बाद आखिरकार कार्रवाई हो ही गई है। 156 कर्मचारियों की भर्ती पर उठे सवालों के बाद हुई कई जांच के बाद अंतिम फैसला सिर्फ 12 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने का लिया गया। 28 मार्च 2022 को कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत के निर्देश के बाद जांच शुरू हुई।

रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव की ओर से देहरादून, यूएसनगर, पिथौरागढ़ जिला सहकारी बैंक को कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिला सहकारी बैंकों में वर्ष 2021 में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई। भर्ती प्रक्रिया पहले ही दिन से विवादों में रही। बैंकों ने शासन स्तर से जारी भर्ती प्रक्रिया के मानकों में अपने-अपने स्तर पर लगातार बदलाव किए। इसके बाद अफसर, नेताओं पर अपने-अपने चहेतों को भर्ती किए जाने के भी आरोप लगे। इन आरोपों के बीच वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों की आचार संहिता के बीच भर्ती की गई। रिजल्ट जारी किया गया। रिजल्ट जारी होने के बाद बैंकों को निर्देश दिए कि वे चयनित हुए कर्मचारियों को नियुक्ति नहीं देंगे। इसके बाद भी बैंकों ने नियुक्ति दी। 28 मार्च 2022 को कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत के निर्देश के बाद जांच शुरू हुई। जो अब मुकाम पर पहुंच पाई है। 156 लोगों को दी गई नियुक्ति में 12 लोगों की नियुक्ति को गलत माना गया है। इनके प्रमाण पत्र गलत पाए गए हैं। रजिस्ट्रार कोऑपरेटिव आलोक पांडेय ने बताया कि जांच में सिर्फ 12 लोगों के ही प्रमाण पत्र गलत पाए गए हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश बैंकों को दिए गए हैं। बैंकों के स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। अध्यक्ष, जीएम, एआर को नोटिस दिए गए हैं। जिन बैंकों में गड़बड़ी हुई, उन बैंकों के अध्यक्ष पर भी कार्रवाई की तैयारी है। \

# 27वीं अंतर केंद्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रम कैरम प्रतियोगिता शुरू

नई टिहरी : केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में टीएचडीसी इंडिया लि. भागीरथीपुरम में 27वीं अंतर केंद्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रम कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया। मंगलवार से शुरु हुए पांच दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के 12 सार्वजनिक उपक्रमों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। आगामी 22 जून को प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा।महाप्रबंधक (एचआर) डॉ. एएन त्रिपाठी ने बताया कि पहले दिन पुरुष और महिला चैंपियनशिप के पहले राउंड के मैच खेले गए। पुरूष वर्ग में ग्रिड इंडिया ने पीएफसी को 2-1, निपको ने पीजीसीआईएल को 2-1 और एनएचपीसी ने भी टीएचडीसी को 2-1 से हराया। महिला वर्ग में मिनिस्ट्री ऑफ पॉवर ने एनएचपीसी को 2-1 और पीजीसीआईएल ने टीएचडीसी इंडिया को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। (एजेंसी)

### स्व. बहुगुणा की पर्यावरण संरक्षण की सोच से दुनिया ने लिया सबक

नई टिहरी : पर्यावरणविद् स्व. सुंदर लाल बहुगुणा के प्रसायों से नई टिहरी में बनाए गए ठक्कर बापा छात्रावास के सफलतम 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि स्व. बहुगुणा टिहरी के समाजसेवा के क्षेत्र के अग्रणी रहे। मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि उनकी पर्यावरण संरक्षण की सोच से दुनिया ने तक सबक लिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नाबालिग को भगाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में द हंस फाउंडेशन अस्पताल के एक कर्मचारी की ओर से पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने बताया कि 17 जून को द हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल चमोलीसैंण सतपुली के कार्मिक द्वारा थाना सतपुली पर सूचना दी कि इलाज हेतु एक नाबालिग लड़की जिसकी उम्र 15 वर्ष है, हमारे अस्पताल आई है और वह गर्भवती है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष सतपुली मामले की जांच हेतु द हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल चमोलीसैंण पहुँचें। प्राथमिक जांच में प्रकाश में आया कि नाबालिग लड़की को ग्राम भरपुरवाड़ा थलीसैंण निवासी पंकज सिंह रावत बहला फुसलाकर अमृतसर, पंजाब से भगाकर अपने गांव भरपुरबड़ा थलीसैंण लेकर आया। जहाँ पर उसके द्वारा नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया। प्राथमिक जाँच के आधार पर थाना सतपुली पर पंकज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष दीपक तिवाड़ी ने बताया कि मंगलवार को पंकज सिंह रावत को बांघाट सतपुली से गिरफ्तार किया गया।

सतपुली पुलिस की हिरासत में दुष्कर्म का आरोपी

### महिला घायल

चमोली : पिंडर घाटी के गांवों, कस्बों, बाजारों में उत्पाती बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। मंगलवार सुबह थराली में बंदरों के झुंड ने महिला पर हमला कर घायल कर दिया। घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली में भर्ती कराया गया। सामाजिक कार्यकर्ता गंगा सिंह बिष्ट ने बताया नगर पंचायत वार्ड नंबर दो मे रह रही नूरजहां पत्नी अशफाक अहमद पर बंदरों ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। (एजेंसी)

### मास्टर प्लान से प्रभावितों ने किया प्रदर्शन

चमोली : बदरीनाथ में मंगलवार को मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति और बदरीनाथ मास्टर प्लान के प्रभावितों ने अपनी मांगों को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया। मौके पर भविष्य के आंदोलन की रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। संघर्ष समिति ने मास्टर प्लान से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने अपनी समस्या को समिति के सामने रखा। मौके पर समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि मूल निवासियों को विश्वास में लिए बगैर बदरीनाथ में निर्माण कार्य चल रहा है। मास्टर प्लान को लागू करने में नियमों की अवहेलना हुई है और मूल निवासी, हक-हकूकधारियों को अपनी आपत्ति दर्ज करने का मौका नही दिया गया। मास्टर प्लान कैसे लागू हो इसके लिए उत्तराखंड अर्बन एंड कंट्री प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट में व्यवस्था है।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश सम्भीर सिंह दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही व पूर्ण नाम सम्भीर सिंह रावत है। अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरा पूर्ण व सही नाम सम्भीर सिंह रावत लिखा, पढ़ा व जाना जाय।

**सम्भीर सिंह रावत पुत्र स्व0 चन्द्र सिंह रावत निवासी ग्राम भंयासू, पत्रालय देवीखाल, वाय दुगड्डा, तहसील लैन्सडौन, जिला पौड़ी गढ़वाल हाल निवासी जोशी मार्ग वार्ड नंबर 27, दुर्गापुर, पोस्ट निम्बूचौड़, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड, पिन 246149।**

(0223/21)


# उत्कृष्ट कार्य करने वाले डीडीआरएफ व एसडीआरएफ के जवानों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** विगत दिनों में हुई दुर्घटना के संबंध में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के लिए अधिकारियों के सुझाव भी लिए गए। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसडीआरएफ व डीडीआरएफ के जवानों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कहा कि विगत दिनों जो घटना घटित हुई है वह एक दुःखद घटना है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी प्राप्त होते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ सहित सभी टीमों द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर त्वरित राहत एवं बचाव कार्य किया गय, जिसमें तत्परता से की गई कार्यवाही से अधिकतर लोगों के जीवन को बचाया जा सका। जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि आपदा प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए जो भी उपकरण एवं सामग्री की आवश्यकता है उसके लिए तत्काल प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही उन्होंने सर्च लाईट एवं हाई पावर लाईट भी गुणवत्तायुक्त हैलमेट, स्ट्रेक्चर भी क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा को और अधिक सुदृढ करने के लिए सभी एंबुलेंस वाहनों में आवश्यक दवा, उपकरण उपलब्ध रहे। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि आपात स्थिति में एयर लिफ्ट करने के लिए जनपद के अंतर्गत जो भी हैलीपैड़ हैं उनमें पानी की व्यवस्थाएं सुचारू की जाए तथा कोई भी दुर्घटना घटित होने पर हैली की आवश्यकता पड़ने पर संबंधित घटना स्थल के नजदीकी हैलीपैड़ का तत्काल एयर लिफ्ट के लिए शुरू किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने टैम्पों ट्रैवल की दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों के त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ. मनीष, एसडीआरएफ के जवान धर्मेंद्र सिंह, भगत सिंह, कुलदीप सिंह, भूपेंद्र सिंह, जगमोहन सिंह, डीडीआरएफ के जवान कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, प्रताप सिंह, सुनील सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मनोज बडोनी, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चैबे, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रमोद कर्नाटक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बेटरी ऑपरेट वेहिकल और रेल कोच रेस्टोरेंट के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई–बोलियां www.ireps.gov.in पर दिनांक–03.07.2024 को आमंत्रित की गई है. जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

1834/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### पेयजल संकट से जूझ रहे लोग जल संस्थान दफ्तर पहुंचे

देहरादून। पेयजल संकट से जूझ रहे विजय कॉलोनी वार्ड के लोग मंगलवार को दिलाराम स्थित जल संस्थान के दफ्तर पहुंचे। यहां उन्होंने अफसरों पर पानी के संकट की शिकायत के बावजूद ठोस कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। साथ ही पेयजल सप्लाई नियमित होने तक टैंकर से पानी की आपूर्ति की मांग की।कांग्रेस नेता गोदवरी थापली की अगुवाई में जल संस्थान दफ्तर पहुंचे विजय कॉलोनी वार्ड के लोगों ने पानी की परेशानी रखी। बताया कि वार्ड के शक्ति कॉलोनी, नई बस्ती, कालीदास रोड, नेशविला रोड, पथरियापीर, नीलकंठ विहार क्षेत्र में पिछले 15 दिन से भीषण पानी का संकट चल रहा है। जल संस्थान को कई बार इसकी शिकायत भी कर दी है। साथ ही जल संस्थान से लोग टैंकर की मांग करते हैं, तो समय पर टैंकर तक नहीं भेजा जा रहा है। इससे लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इस मौके पर मोहन थापली, सागर लामा, विकास राज, अनुप सक्सेना, दीप चौहान, अशोक चौरसिया, पवन खरोला, सुरेश पटेल, संदीप खरोला, अमरदीप, करन पाल, विनय चौहान, सचिन, सुरेश पटेल, मनीष थापा आदि मौजूद रहे।

### पेंशनर्स समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्य सचिव से मुलाकात

देहरादून। उत्तराखंड पेंशनर्स समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पेंशन और राशिकरण की सुविधा प्राप्त पेंशनर्स के ब्याज में कटौती की अवधि को 15 साल के स्थान पर 10 साल आठ माह करने की मांग की है।समिति के अध्यक्ष सुमन सिंह बल्दिया के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राशिकरण कराने की सुविधा पूर्व से रही है। एक जनवरी 1996 से पहले यह धनराशि पेंशन की अधिकतम धनराशि का एक तिहाई था, इसके बाद इसे 40 फीसदी किया गया था। कहा कि राशिकृत अंश की कटौती मूल धन और ब्याज के साथ कुल 15 वर्षों तक की जाती है, लेकिन सरकार की ओर से राशिकृत धनराशि पर 12 फीसदी ब्याज दर से कटौती का जा रही है, जो कि वर्मतान में अप्रासंगिक है। उन्होंने ब्याज में कटौती की अवधि को 15 साल के स्थान पर 10 साल आठ माह करने की मांग की है। कहा कि पांचवें वेतन आयोग की सिफारिश पर केरल, मध्य प्रदेश, ओडिसा और गुजरात राज्यों में सरकारों ने कटौती की अवधि कम कर दी है। इस मौके पर पेंशनर्स आरआर पैन्यूली, चौधरी ओमवीर सिंह, सुशील त्यागी, गणपत सिंह बिष्ट, रामेंद्र सिंह पुंडीर, दिनेश भंडारी, मधुसूदन शर्मा, सुशील त्यागी आदि मौजूद रहे।

### विलासपुर कांडली में भव्य तरीके से मनाया जाएगा योग दिवस

देहरादून। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दुर्गा शाखा विलासपुर कांडली की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विलासपुर कान्डली के अलावा आस–पास के गांवों में जनसंपर्क कर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्य रूप से मनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। मुख्य प्रशिक्षक कैप्टन(सेनि) कुलदेव सिंह नेगी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन 21 जून को प्रातः साढ़े पांच बजे से सात बजे तक योग के ऐतिहासिक महत्व और सूर्य नमस्कार के साथ योगाभ्यास होगा। लोगों को योग के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी जपाएगी। इसके बाद गांव में हर दिन एक सप्ताह तक योग का आयोजन करने के साथ ही लोगों को योग से जुड़ने और जागरूक करने की मुहिम चलाई जाएगी। कैप्टन नेगी ने बताया कि हमारा उद्देश्य तन, मन से स्वस्थ, शुद्ध वैचारिक प्रवृत्ति और संस्कारवान समाज की स्थापना करना है। इसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही रोग मुक्त, नशामुक्त, दोष मुक्त कर एक स्वस्थ और प्रबुद्ध समाज स्थापित करने के लिए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जा रहा है।

### एम्स के छात्रों को दिया व्याख्यान

देहरादून। दिल्ली एम्स में हुए तीन दिवसीय स्नातकोत्तर प्रशिक्षण कोर्स में डॉ.विनोद अरोड़ा ने चश्मा उतारने संबंधित रेफ्रैक्टिव सर्जरी की बारीकियों की जानकारी दी।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ.अरोड़ा ने कार्यशाला में उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिल्ली एम्स के साथ ही उत्तर भारत के मेडिकल कॉलेजों में छात्र शामिल हुए। कार्यशाला में एम्स के विभागाध्यक्ष डॉ. जेएस तितियाल, प्रो. नम्रता शर्मा, प्रो. राजेश सिन्हा समेत अन्य ने भी व्याख्यान दिया।

# गोलीकांड को लेकर सड़कों पर उतरे आक्रोशित लोग, हत्यारों के घर पर किया पथराव

देहरादून : राजधानी देहरादून के रायपुर डोभाल चौक पर हुए गोलीकांड को लेकर आज सड़कों पर लोगों का आक्रोश दिखा। आरोपियों के घर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर लोग अड़े हैं। वहीं रिस्पना छह नंबर पर पुलिया चौक पर लोगों ने जाम लगा दिया।

एक तरफ लोगों का प्रदर्शन जारी था तो वहीं दूसरी तरफ गोलीकांड के मुख्य अभियुक्त रामबीर को हल्की मुठभेड़ के बाद 400 किलोमीटर दूर तलवार गांव थाना बेहरोल सदर जिला कोटपुतली राजस्थान से हिरासत में लिया गया। एसएसपी देहरादून लगातार सभी टीम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। फरार अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए विभिन्न राज्य में देहरादून पुलिस की स्पेशल टीमें लगातार दबिश रही है। इस मामले में मंगलवार को भी स्थानीय लोगों का आक्रोश कम नहीं हुआ, स्थानीय लोग सुबह ही सड़क पर उतर गये और नारे लगाते हुए डोभाल चौक से छः नम्बर पुलिया पर पहुंच गये। वहां उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया और हत्यारों के घर पर बुल्डोजर चलाने की मांग को लेकर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करने लगे। इस कारण चारों ओर का यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। साथ ही साथ कुछ लोगों का एक समूह हत्यारों के घर पर पहुंच गया और वहां तोड़ फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने गेट पूरी तरह से तोड़ दिया और घर के शीशे भी तोड़ डाले। इस दोरान लोग मांग कर रहे थे कि इनके घर पर बुल्डोजर चलाया जाय, इनकी सम्पत्ति की जांच की जाए और इनके पूरे अपराधिक रिकार्ड को खंगाल कर इनको सजा दी जाए।

इस मामले में एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि डोभाल चौक के पास गढ़वाली कॉलोनी में रहने वाला देवेंद्र कुमार उर्फ सोनू भारद्वाज ब्याज का काम करता है। वह लोगों की चल और अचल संपत्तियों को गिरवी रख ब्याज पर पैसे देता है। नेहरू ग्राम निवासी दीपक बडोला ने 15 जून को अपनी कार पुरानी कार का कारोबार करने वाले सागर यादव को बेचने के लिए दी थी। लेकिन, अगले दिन रविवार को दीपक बडोला को पता चला कि सागर ने कार बेचने के बजाय उसे सोनू भारद्वाज के पास साढ़े तीन लाख रुपये में गिरवी रख दी। दीपक बडोला ने सागर यादव से अपनी कार मांगी तो उसने गालियां देकर बडोला को भगा दिया। इस पर बडोला ने सोनू भारद्वाज से कार वापस मांगी। वहां भी बडोला के साथ यही सलूक हुआ। इसके बाद बडोला रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे दो दोस्तों सुभाष क्षेत्री और मनोज नेगी को लेकर सोनू भारद्वाज के घर पहुंच गया। सोनू भारद्वाज के घर पर पहले से ही उसका भाई मोनू भारद्वाज, पेशेवर बदमाश रामबीर, मनीष, अंकुश और योगेश आदि शराब पी रहे थे। जैसे ही दीपक बडोला और उनके साथी गेट पर पहुंचे इन सभी ने उन पर गोलियां चला ली। एक गोली दीपक बडोला के गले में और दूसरी पेट में लगी। बाकी दोनों को पेट में गोली लगी थी। दीपक बडोला घायल हालत में ही वहां से भाग गया, जबकि क्षेत्री और नेगी सोनू भारद्वाज गेट पर ही गिर गए। क्षेत्री के परिजन उन्हें कैलाश अस्पताल ले गए और पुलिस ने नेगी को दून अस्पताल में भर्ती करा दिया। बाद में दोनों को इंदिरेश अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर परिजन और पुलिस सुबह तक दीपक की तलाश करते रहे। इसके बाद सोमवार सुबह छः बजे बडोला का शव डोभाल चौक के पास करीब 10 फीट गहरे नाले से बरामद हुआ। रात में इस घटना को अंजाम देने के बाद रामबीर और मनीष कार लेकर भाग निकले। पुलिस ने पीछा किया तो आशारोड़ी बैरियर तोड़ते हुए पास ही में कार खड़ी कर जंगल के रास्ते भाग निकले। एसएसपी अजय सिंह ने बताया, मामले में सोनू भारद्वाज, मोनू भारद्वाज निवासी गढ़वाली कॉलोनी और सागर यादव निवासी नेहरू ग्राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। रामबीर के खिलाफ पहले भी हत्या के मुकदमे दर्ज हैं। वर्तमान में वह रायपुर में ही 2020 में हुई एक हत्या के मामले में पैरोल पर जेल से बाहर चल रहा है। सुबह जब दीपक बडोला की लाश नाले से मिली तो परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव को पुलिस को नहीं सौंपा। लोगों ने सोनू भारद्वाज के घर पर पथराव कर दिया। इससे घर के शीशे आदि भी टूट गए। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने। कुछ देर बाद विधायक उमेश शर्मा काऊ पहुंचे और उन्होंने लोगों को उचित कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को शव सौंपा।

## अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, क्रेशर सीज, 23 लाख का जुर्माना

### उप जिलाधिकारी ऊखीमठ एवं खान अधिकारी ने की बड़ी कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : उत्तराखंड खनिज का निवारण नियमावली के तहत नियमों के उल्लंघन एवं अवैध खनन पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। अवैध खनन एवं खनन संबंधित दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर ग्राम ल्वारा स्थिति मैसर्स आरजी बिल्डवैल द्वारा संचालित मोबाईल स्टोन क्रेशर, हॉट मिक्स प्लांट एवं क्रेशर प्लांट में भंडारित उप खनिज को सीज किया गया। वहीं विभिन्न अनियमितता पर 23 लाख 07 हजार 51 रूपए का चालान काटते हुए नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

उप निदेशक/ज्येष्ठ खान अधिकारी बीरेंद्र कुमार सिंह ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जनपद के अंतर्गत संचालित स्टोन क्रेशरों की समय-समय पर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नियमों के तहत संचालन न किए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों उनके द्वारा तहसील रुद्रप्रयाग के अंतर्गत चमसील सारी में संचालित हो रहे अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की जांच की गई। खनन विभाग द्वारा दो अलग-अलग व्यक्तियों पर 23 लाख व 32 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। साथ ही नोटिस भी जारी किया गया है। नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण एवं जांच के दौरान ग्राम चमसील-सारी तहसील रुद्रप्रयाग में सारी पुल के समीप एक अपस्ट्रीम में वाहन संख्या यूके 13सीए-0593 में कुछ मजदूरों द्वारा उप खनिज (पत्थर) भरते हुए पाया गया।

इस दौरान मजदूर मौके से फरार हो गए वहीं वाहन चालक द्वारा रवन्ना प्रपत्र व खनन की अनुमति प्रस्तुत नहीं की जा सकी। उन्होंने बताया कि पैमाइश करने के बाद ट्रक में 06.912 टन लदा हुआ पाया गया जिस पर 32 हजार 4 सौ 19 रुपए का अर्थदंड आरोपित किया गया है। साथ ही नोटिस जारी करते हुए अग्रिम कार्यवाही भी गतिमान है। इसके अलावा तहसील ऊखीमठ के ल्वारा गांव, हाल कैंप-रैंतोली में संचालित आरजी बिल्डवैल के यहां निरीक्षण एवं जांच की गई। जांच के दौरान आवश्यक संबंधित ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदत्त हॉट मिक्स प्लांट का सहमति स्थापना व सहमति संचालन संबंधी अनुमति के अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। इसके साथ-साथ हॉट मिक्स प्लांट का ई-रवन्ना पोर्टल पर पंजीकृत नहीं होना पाया गया। हॉट मिक्स प्लांट से करीब 30 मीटर की दूरी पर पूर्व में इन्हीं के द्वारा स्थापितध् संचालित मोबाइल क्रेशर से खनन कार्य किया जा रहा था, जबकि खनन की अनुमति एवं क्रेशर संचालन के कोई अभिलेख मांगे जाने पर पेश नहीं किए गए।

ऐसे में क्रेशर, हॉट मिक्स प्लांट एवं क्रेशर प्लांट में भंडारित उप खनिज को सीज किया गया एवं अनिवार्य नियमों का पालन न करने पर करीब 23 लाख, सात हजार रुपए का अर्थदंड आरोपित किया गया। वहीं नोटिस भी निर्गत किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्तियों को 15 दिनों में नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। जवाब संतोषजनक न होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### ड्रिल कंपटीशन में अल्फा कंपनी ने मारी बाजी

चमोली : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज तलवाड़ी में मंगलवार को दस दिवसीय एनसीसी कैंप का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हो गया है।

समापन समारोह में कैंप कमांडेंट कर्नल एके बिश्नोई सेवा मेडल ने शिविर में केडेट्स को जीवन में अनुशासित तथा कर्तव्यनिष्ठ होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस दस दिनों के प्रशिक्षण के दौरान शस्त्र संचालन, सेल्फ डिफेंस, ट्रैकिंग,स्वच्छता अभियान, क्विज प्रतियोगिता, साइबर सेल, हाइजीन व सेनिटेशन ड्रिल, करियर काउंसलिंग के साथ-साथ फुटबाल,वालीबाल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से क्रेडिट ने जो भी सीखा उसे अपने जीवन में आत्मसात करते हुए देश सेवा सेवा भाव तथा शौर्य की भावना विकसित करें। (एजेंसी)

### चंद्रशेखर बनें उपाध्यक्ष

नई टिहरी : प्रतापनगर ब्लॉक की भदूरा पट्टी के लिखवार गांव के प्रधान चंद्रशेखर पैन्यूली को समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सक्षम के जिलाध्यक्ष हर्षमणि बहुगुणा की ओर से मनोनयन पत्र जारी किया गया। उपाध्यक्ष पैन्यूली को संगठन को मजबूत करने को कहा गया। 20 जून को संगठन के स्थापना दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर रानीचौरी में कार्यक्रम आयोजित होगा। (एजेंसी)

### प्राचार्य ने किया मेडिटेशन सीरीज का शुभारंभ

नई टिहरी : प्राचार्य प्रो पुष्पा नेगी ने महाविद्यालय परिसर में मेडिटेशन सीरीज का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आप को फिट रखना बड़ी चुनौती है। छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय के स्टाफ को चाहिए कि नियमित रूप से योग, ध्यान को अपनाएं। मानसिक तनाव को देखते हुए सभी को ध्यान की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। महाविद्यालय में संयोजक डॉ. पदमा वशिष्ठ, डॉ. आशा डोभाल, डॉ. भारती जायसवाल और डॉ. पूनम तिवारी की ओर से यह सीरीज शुरू की गई है। (एजेंसी)

### तीर्थयात्रियों को बांटा शर्बत

नई टिहरी : वर्ष भर में आनेवाली एकादशियों में निर्जला एकादशी का सर्वाधिक महत्व माना जाता है। इस एकादशी को बिना जल ग्रहण किए जल और फल का दान विशेष पुण्यदायी माना गया है। निर्जला एकादशी पर लगने वाली छबील में इस वर्ष राजेश भट्ट, त्रिलोक रावत, अखिलेश कोटियाल, रेखा शर्मा, संध्या बिष्ट, नेहा बिष्ट, तानिया नेगी आदि सहयोग दिया। (एजेंसी)

## उपचुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे फ्रंटल संगठन : करन माहरा

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने फ्रंटल संगठनों से बदरीनाथ एवं मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने का कहा है। मंगलवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पार्टी के अनुषांगिक संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों के साथ हुई बैठक उपचुनाव की रणनीति तय की गई। बैठक में करन माहरा ने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद विधानसभा उपचुनाव पार्टी के लिए एक चुनौती है। लोकसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के साथ लड़ा जिस कारण पार्टी का वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है। अब इसी ताकत के साथ बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा का चुनाव भी लड़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर व्यक्तिगत सम्पर्क करने को कहा। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रोतेला ने कहा कि लोकसभा चुनावों में महिलाओं की अपेक्षा पुरूषों का मतदान कांग्रेस के पक्ष में रहा है। हमें महिलाओं पर अधिक फोकस करना होगा। युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि उपचुनाव में युवाओं की अलग–अलग टीम बनाई जाएगी, जो नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से बूथ स्तर तक युवाओं से संबंधित बेरोजगारी, अग्निवीर योजना, भर्ती घोटाले जैसे मुद्दे उठाएगी। सोशल मीडिया उपाध्यक्ष विशाल मौर्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बैठक में इंटक अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुम्मितर भुल्लर, एनएसयूआई अध्यक्ष विकास नेगी, सोशल मीडिया अध्यक्ष विकास नेगी, उपाध्यक्ष विशाल मौर्य, अमरजीत सिंह, किसान कांग्रेस अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी, बुद्धिजीवी अध्यक्ष डॉ प्रदीप जोशी, अनुसूचित जाति अध्यक्ष दर्शन लाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### वन निगम आउटसोर्स कर्मचारियों का क्रमिक अनशन स्थगित

देहरादून। अपनी मांगों को लेकर वन विकास निगम मुख्यालय में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने मंगलवार से शुरू होने वाला क्रमिक अनशन स्थगित कर दिया है। सीएम से वार्ता और मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ये निर्णय लिया गया। हालांकि कर्मचारी काम पर नहीं लौटे हैं और धरना जारी है। वन विकास निगम कर्मचारी संगठन के प्रदेश महामंत्री प्रेम सिंह चौहान ने बताया कि कर्मचारियों के सेवा विस्तार का प्रस्ताव प्रमुख सचिव वन के पास गया था। उनके स्तर से उस पर निर्णय होना था। लेकिन उन्होंने इसे कार्मिक को भेज दिया। लेकिन कार्मिक से भी उस पर फैसला नहीं हो रहा है। उन्होंने संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कर्मचारियों के सेवा विस्तार की मांग की है। उन्होंने बताया कि संगठन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी।

## जिपं अध्यक्ष चौहान की अध्यक्षता में हुई जिला पंचायत की बैठक आयोजित

देहरादून। जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत बैठक में दिये गए निर्देशों एवं लिए गए निणर्यों की कार्यवाही की समीक्षा, जिला योजना वर्ष 2024–25 के लिए जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों की विकास योजना के अनुमोदन, विकासखण्डो से मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त प्रस्तावों के अनुमोदन पर विचार आदि बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा क्षेत्रों पानी की किल्लत, सड़क, जगंली जानवरों के आबादी क्षेत्र में घुसने एवं फसलों का नुकशान पंहुचाने, प्लांटेशन के तहत् लगाये गये पौधों के रखरखाव, ग्रामीण क्षेत्रों में लगी स्ट्रीट लाईटों को ठीक करने आदि मुद्दे एवं समस्याएं उठायी।बैठक अध्यक्ष जिला पंचायत मधु चौहान ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास योजनाओं के प्रस्ताओं को अनुमोदन हेतु लाने से पूर्व क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाया जाए तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गए प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए कार्य योजना में शामिल किये जाएं। अध्यक्ष के सम्मुख क्षेत्र पंचायत प्रमुखों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगी स्ट्रीट लाईट की खराब होने की शिकायत पर संज्ञान न लिए जाने को गंभीरता से लेते हुए सम्बन्धित कम्पनी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश उरेडा के अधिकारियों को दिए।क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में पानी की समस्या तथा चकराता क्षेत्र पर्यटकों की बढती आमद को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन स्थलों में पानी व्यवस्था तथा भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए योजना बनाने के निर्देश दिए। खैरीकला जलसंस्थान की पाईपलाईन बिछी होने के उपरान्त भी पानी नही आने, धारकोट में पानी की समस्या तथा जल स्त्रोत के संवर्धन किये जाने की की समस्याओं से स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सदन में रखा।

## सुबह की सैर पर निकले धामी ने खुद बनाई अदरक की चाय

देहरादून। नैनीताल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मॉर्निंग वॉक के दौरान आम लोगों से मुलाकात की। चाय की दुकान पर रुककर खुद अपने हाथ से अदरक कूटकर चाय बनाने में सहयोग किया। इसी बीच मैदान में खेल रहे खिलाड़ियों के पास जाकर उन्होंने उनकी समस्याएं पूछीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बीपी पाण्डेय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, मरीजों से मुलाकात की। उनकी कुशलक्षेम पूछी और अस्पताल प्रबंधन को स्वास्थ्य सेवाओं में निरन्तर सुधार के निर्देश दिए। मॉर्निंग वॉक के दौरान आम लोगों से मिलना, उनकी समस्याओं को पूछना और सरकार के कामकाज का फीडबैक लेना मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दिनचर्या का हिस्सा रहा है। वह देहरादून में हों या फिर अन्य स्थानों के भ्रमण पर, हमेशा सुबह की सैर करते हैं और आम लोगों से रूबरू होते हैं। मंगलवार की सुबह श्री धामी नैनीताल में मॉर्निंग वॉक पर निकले। चाय की दुकान पर खड़े लोगों से उन्होंने बातचीत की। उनसे पूछा कि उत्तराखण्ड में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में और क्या कदम उठाए जा सकते हैं। बातचीत के दौरान ही धामी ने चाय के लिए खुद अदरक कूटा। मुख्यमंत्री की सादगी और सहजता को देखकर स्थानीय लोग अचंभित रह गए। इसके बाद मुख्यमंत्री की नजर पास में स्थित खेल के मैदान में पड़ी, जहां युवा खेल रहे थे। धामी खिलाड़ियों के बीच पहुंचे, उन्होंने खेल और सुविधाओं से सम्बंधित दिक्कतें खिलाड़ियों से पूछीं। मौके पर ही अधिकारियों से बात की और खिलाड़ियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा।

### न्यू कैंट रोड पर पेड़ों के कटान की तैयारी के विरोध में उतरी कांग्रेस

देहरादून। न्यू कैंट रोड के चौड़ीकरण के लिए पेड़ों को कटाने की तैयारी का विरोध तेज हो गया है। कांग्रेसियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर पेड़ों को बचाने के लिए न्यू कैंट रोड के चौड़ीकरण के बजाय फ्लाईओवर बनाने का सुझाव दिया है। चेताया कि यदि यहां पेड़ों का कटान किया गया तो कांग्रेस बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। कांग्रेसियों ने डीएम को बताया कि न्यू कैंट रोड को फोरलेन बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए 200 से ज्यादा पेड़ों का कटान किया जाना है, इससे पर्यावरण को बड़ा नुकसान होगा।

### कार्यकाल बढ़ाने के लिए फिर आंदोलन करेंगे पंचायत प्रतिनिधि

देहरादून। उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने एक राज्य एक पंचायत चुनाव की मांग को लेकर आंदोलन करने की घोषणा की है। मंगलवार को आयोजित संगठन की ऑनलाइन बैठक में संगठन ने त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाए जाने की अपनी पुरानी मांग फिर दोहराई है।

पंचायत संगठन के कोर कमेटी की ऑनलाइन बैठक में संगठन के संयोजक जगत मतौलिया, जिला पंचायत अध्यक्ष संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सोना सजवान, क्षेत्र प्रमुख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दर्शन सिंह दानू, जिला पंचायत सदस्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप भट्ट, ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर सम्मल शामिल हुए। बैठक की जानकारी देते हुए संयोजक जगत मतौलिया ने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में 24 जून को उत्तराखंड के 12 जनपदों के प्रत्येक विकासखंड में त्रिस्तरीय पंचायतों के सदस्य जमा होकर प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। इसके बाद एक जुलाई को उत्तराखंड के 12 जनपद मुख्यालयों में त्रिस्तरीय पंचायतों के सदस्य धरना–प्रदर्शन करते हुए, केंद्र और राज्य सरकार को ज्ञापन भेजेंगे। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों ने अध्यादेश लाकर पंचायत का कार्यकाल बढ़ाकर, उत्तराखंड को भी इसका कानूनी आधार प्रदान कर दिया है, इस पर अमल करने की बारी अब उत्तराखंड सरकार की है।

## 19 जून को मनाया जाएगा सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस

देहरादून। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 19 जून 2024 को सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जनपद देहरादून में निवासरत शत प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या की सिकल सेल अनीमिया जांच की जानी है। इस हेतु जनपद के समस्त सा0स्वा0केन्द्रों, प्रा0स्वा0केन्द्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सिकल सेल जांच शिविरों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।जनपद देहरादून के में जनजातीय समुदाय के जन्म से लेकर 40 वर्ष तक के लाभार्थियों की सिकल सेल जांच की जानी प्रस्तावित है। वर्ष 2024–25 हेतु जनपद देहरादून जनपद में जांच का लक्ष्य 34324 रखा गया है। 19 जून से 03 जुलाई 2024 तक सिकल सेल एनीमिया जागरूकता हेतु विशेष अभियान का संचालन किया जायेगा। जिस दौरान 10500 लाभार्थियों की सिकल सेल जांच की जायेगी।जागरूकता अभियान का शुभारम्भ 19 जून 2024 को विकासनगर ब्लॉक के शेरपुर ग्राम पंचायत में आयोजित किया जायेगा। जिसमें आशा कार्यकत्री, ए.एन.एम., सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्कूल हेल्थ टीम, किशोर स्वास्थ्य काउंसलर द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा। स्कूल हेल्थ टीम द्वारा समुदाय स्तर पर तथा सी0एच0ओ0 द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सिकल सेल जांच की जाएगी। क्या है सिकल सिकल सेल एनीमियाः सिकल सेल एनीमिया रक्त से संबंधित एक अनुवांशिक रोग है। इस रोग में रक्त में उपस्थित लाल रक्त कोशिकाओं का आकार विकृत होकर हंसिये के समान हो जाता है तथा अंततः ये कोशिकाएं कमजोर होकर टूट जाती हैं। जिसके कारण एनीमिया तथा अन्य जटिलताएं जैसे कि वेसो– ओक्लुसिव क्राइसिस, फेफड़ों में संक्रमण, एनीमिया, गुर्दे और यकृत की विफलता, स्ट्रोक आदि के कारण रूग्णता और मृत्यु की सम्भावना होती है।सिकल सिकल रोगीः सिकल सेल के रोगी दो प्रकार के होते है, सिकल सेल वाहक (लक्षण रहित/मंद लक्षण) एवं सिकल सेल रोगी (गंभीर लक्षण)। प्रथम प्रकार अर्थात सिकल सेल वाहक व्यक्ति रोग के वाहक के रूप में काम करते हैं अर्थात उनमे सिकल सेल के रोग के लक्षण स्थायी न होकर कभी – कभी दिखाई देते है।

## मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने दिये पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की प्रक्रिया को त्वरित करने के निर्देश

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की प्रक्रिया को त्वरित करने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को सचिवालय में पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक के दौरान मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूडी ने उत्तराखण्ड बीज एवं तराई विकास निगम, पतनगर विश्वविद्यालय, लोक निर्माण विभाग, सिडकुल, कृषि विभाग, तराई स्टेट फार्म को अपनी परिसम्पतियों का आकलन कर तत्काल अपने विभागों के माध्यम से शासन को भेजने के निर्देश दिए है।

सीएस राधा रतूडी ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तार कर उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। केन्द्र तथा राज्य स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। सीमान्त क्षेत्र होने के कारण इसका सामरिक महत्व है तथा पर्यटन की दृष्टि से भी यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

बैठक में सचिव सचिन कुर्वे, अपर सचिव सी. रविशंकर सहित कृषि विभाग, पंतनगर विश्वविद्यालय, लोक निर्माण विभाग, सिडकुल, तराई स्टेट फार्म के अधिकारी मौजूद रहे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com